CMYK

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 2 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 294 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



सूर्यवंशी ने जीते ऑरेंज कैप, एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड खेल टाइम्स



महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग! सम्पादकीय



अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लायटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपये के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल से 62 फीसदी ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपये के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है।

### प. बंगाल मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सुवेंदु अधिकारी सरकार ने सत्ता संभालने के एक महीने के भीतर सोमवार को अपना पहला बड़ा कैबिनेट विस्तार किया। इसमें 35 नए मंत्रियों को शामिल किया गया है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी समेत कुल मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री के साथ पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन में आयोजित किया गया था, जहां राज्यपाल आरएन रवि ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सोमवार को शपथ लेने वालों में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं।

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता लागू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते के सोमवार से लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। श्री गोयल ने कहा कि आज से भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो रहा है, और मैं इस बारे में लिख रहा हूं कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को कैसे और मजबूत करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी को विस्तार देने के दृष्टिकोण से प्रेरित यह समझौता नए बाजार खोलकर, निर्यात बढ़ाकर, निवेश आकर्षित करके और रोजगार सृजन में तेजी लाकर भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगा।

### म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार: मुर्मू


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में म्यांमार राष्ट्रपति यू मिन आंग हलिंग का स्वागत किया और कहा कि म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है। भारत की पांच दिन की यात्रा पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति हलिंग का स्वागत करते हुए, कहा कि भारत और म्यांमार के बीच गहरे सांस्कृतिक, सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं।

# JEE एडवांस में बिहार के शुभम कुमार टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो



शुभम कुमार



कबीर | जतिन

■ दिल्ली के कबीर दूसरे, झुंझुनूं के जतिन तीसरे नंबर पर, टॉप-10 में 6 स्टूडेंट ने राजस्थान में कोचिंग की

**नई दिल्ली।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई)- 2026 का परिणाम रविवार देर रात घोषित किया गया। बिहार के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। दिल्ली के कबीर छिल्लर दूसरे और राजस्थान के झुंझुनूं निवासी जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे।

इस वर्ष टॉप-10 में शामिल 6 छात्रों ने राजस्थान के कोटा स्थित कोचिंग संस्थानों से तैयारी की है। परीक्षा में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 56,880 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। सफलता प्रतिशत 31.65 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। इस बार क्वालिफाइंग कटऑफ 74 से बढ़कर 92 अंक पहुंच गई है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए विषयवार कटऑफ में भी 8 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिजल्ट घोषित होने के बाद कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नृत्य के साथ सफलता का उत्सव मनाया। ऑल इंडिया रैंक-7 प्राप्त करने वाले अर्णव ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से लगातार तैयारी की और अब उनका लक्ष्य आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना है। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आरोही देशपांडे ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जिन्हें 360 में से 280 अंक मिले और उनकी ऑल इंडिया रैंक 77 रही। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष परीक्षा का स्तर संतुलित रहा, जिसके कारण कटऑफ में बढ़ोतरी देखने को मिली।

# सीजेपी के फाउंडर छह जून को लौटेंगे भारत

■ शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।

दीपके ने इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट 'कॉकरोच इज बैक' पर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। दीपके ने सोमवार को पार्टी के एक्स अकाउंट से 6 जून को भारत लौटने की जानकारी दी। 30 साल के अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है।

# NEET-UG परीक्षा कंप्यूटर आधारित कराने से सुप्रीम इन्कार

## सुप्रीम कोर्ट ने ऑफलाइन मोड को ही बरकरार रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एनटीए को राहत!
■ मामले की सुनवाई जुलाई तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा 'पेन-एंड-पेपर' (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस संबंध में राहत देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। पीठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े कई निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने स्पष्ट किया कि वह केवल एक ही मांग पर जोर दे रहे हैं- 21 जून को होने वाली परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाए। वकील ने दलील दी कि आज मैं किसी अन्य मांग पर जोर नहीं दे रहा हूं। परीक्षा सीबीटी मोड में ही होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने हालांकि ध्यान दिलाया कि न्यायालय अतीत में भी इस तरह की समान याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की राहत देने का 'कोई सवाल ही नहीं उठता', विशेषकर तब जब अधिकारी पहले ही पिछली परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की साजो-सामान संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने एक बार फिर कहा कि वह केवल सीबीटी से जुड़ी मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो पीठ ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे पर तुरंत विचार करने के पक्ष में नहीं है और इसके बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया: सीबीआई

■ तीन आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षद कुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी।

एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डा. मनोज शिरुरे, हर्षद कुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डा. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपये लिए थे।

## सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी। इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से सोमवार को जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने इन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी थी।

# कमर्शियल LPG सिलेंडर ₹42 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं परिचालन व अन्य व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली।** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गई। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है।

दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गई है। कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ाई गई हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि की है। हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नवीनतम बढ़ोतरी हाल के महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार हुई वृद्धि के बाद की गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईंधनों की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण ईंधन बाजारों पर दबाव बना हुआ है, जिससे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की लागत बढ़ रही है। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर आतिथ्य और खाद्य सेवा क्षेत्र के व्यवसायों पर पड़ने की संभावना है, जहां रसोई गैस एक प्रमुख परिचालन आवश्यकता है। उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की लागत में लगातार वृद्धि से रेस्तरां, होटल और छोटे खाद्य विक्रेताओं का मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके विपरीत, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम दिल्ली में 913 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर स्थिर रखे गए हैं। सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने आश्वासन दिया है कि देशभर में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद रसोई गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

# शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार: राहुल गांधी



■ कांग्रेस नेता ने छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिए छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है, तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं।

राहुल गांधी नेएक्स पर कहा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।

## दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। बाद में कहा गया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी।

# GST संग्रह मई में बढ़कर 1.94 लाख करोड़ पर पहुंचा

## आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत का रहा जबरदस्त उछाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत के जबरदस्त उछाल के कारण इस साल मई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.94 लाख करोड़ के पार दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मई में कुल जीएसटी संग्रह 1,94,184 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल मई के मुकाबले 3.2 प्रतिशत अधिक है।

इसमें घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आयातित वस्तुओं पर संकलित जीएसटी की राशि 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयातित वस्तुओं, विशेषकर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज उछाल के कारण उन पर जीएसटी की राशि भी उसी अनुपात में बढ़ी है। सरकार ने कुल 27,281 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दिया जो सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें घरेलू रिफंड 4.3 फीसदी कम होकर 17,030 करोड़ रुपये और निर्यातकों को दिया गया रिफंड 16.6 प्रतिशत बढ़कर 10,250 करोड़ रुपये रहा। सकल जीएसटी संग्रह में से रिफंड को घटाकर शुद्ध जीएसटी राजस्व 1,66,904 करोड़ रुपये रहा। यह मई 2025 के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध घरेलू जीएसटी संग्रह 1,17,500 करोड़ रुपये रहा। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत कम है। वहीं, शुद्ध सीमा शुल्क राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 49,403 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 फीसदी बढ़कर 4,36,887 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। इसमें 59,063 करोड़ रुपये की रिफंड की राशि घटा देने पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3,77,824 करोड़ रुपये बना है। रिफंड में सालाना 10.9 प्रतिशत और शुद्ध संग्रह में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# मानसून दो-तीन दिन में केरलम पहुंचेगा

■ देशभर में हीटवेव खत्म, राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण- पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है। देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री आवास के पास चार बस परिचालकों ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हाई-सिक्योरिटी वाले वीवीआईपी जोन में सोमवार सुबह दुबग्गा डिपो के चार संविदा सिटी बस परिचालकों ने मुख्यमंत्री आवास के निकट आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और गौतमपल्ली थाना पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर चारों को हिरासत में ले लिया। सभी सुरक्षित हैं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य है। परिचालकों के मुताबिक दुबग्गा सिटी बस स्टेशन पर तैनात करीब 350 संविदा कर्मचारियों को प्रशासन सीधे संविदा से हटाकर 'एस' नामक निजी कंपनी के अधीन कर रहा है। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था में वेतन 18,600 से घटाकर 11,000 कर दिया गया है। पिछले कई दिनों से वे अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार करीब 11 बजे मांगों पर सुनवाई न होने पर चार परिचालक सीएम आवास की ओर बढ़े और ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

### शिक्षा मंत्रालय कार्यालय में आग पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय से जुड़े एक कार्यालय में आग लगने की घटना को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। चिब ने कहा कि देशभर में परीक्षा घोटालों, पेपर लीक और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने और उनके इस्तीफे की मांग तेज हो रही है। ऐसे समय में शिक्षा मंत्रालय से जुड़े कार्यालय में आग लगना गंभीर चिंताओं को जन्म देता है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा होने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ राज्यसभा उपनेता और पार्टी सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- जनता की जेब पर डाका

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने के बाद कांग्रेस के राज्यसभा उपनेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर जनता की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए कहा है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

तिवारी ने सोमवार को कहा कि 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 रुपये और कोलकाता में 3255.50 रुपये पहुंच गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम में 11 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे छात्रों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर सीधा असर पड़ेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनवरी से जून के बीच 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कुल 1560 रुपये और 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में 323 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने इसे लूट का सिलसिला बताते हुए कहा कि सरकार लगातार जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। श्री तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 116 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गई हैं, इसके बावजूद एलपीजी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की जेब काट रही है और लोग इस स्थिति को भली-भांति समझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गैस कंपनियों ने 1 जून से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे पहले 1 मई को भी कमर्शियल सिलेंडरों के दाम बढ़ाए गए थे।

# सीबीएसई विवाद को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें तत्काल पद से हटाएं प्रधानमंत्री मोदी: पवन खेड़ा

कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली की खामियों को देश के शिक्षा इतिहास की सबसे बड़ी संस्थागत विफलता बताते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हुई है। सीबीएसई, नीट, यूजीसी-नेट और सीयूईटी जैसे मामलों ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू करने से पहले शिक्षकों और विशेषज्ञों की गंभीर चेतावनियों को नजरअंदाज किया। उनके अनुसार परीक्षण के दौरान दर्जनों तकनीकी कमियां सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद प्रणाली को जल्दबाजी में लागू कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि हजारों छात्रों को धुंधली, अधूरी अथवा गलत तरीके से स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं और बड़ी संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा स्कैन तथा मैनुअल मूल्यांकन के लिए भेजना पड़ा। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान तकनीकी मानकों, स्कैनिंग गुणवत्ता और पात्रता संबंधी नियमों को कमजोर किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उनका कहना था कि डिजिटल प्रणाली में सुरक्षा संबंधी गंभीर खामियां भी सामने आईं, जिनसे छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह संकट केवल सीबीएसई तक सीमित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, सीएसआईआर- नेट, नीट-पीजी, सीयूईटी, जेईई मेन तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, तकनीकी गड़बड़ियों और प्रशासनिक विफलताओं के कारण करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज उठा रहे हैं और परीक्षा प्रणाली से जुड़े मामलों में जवाबदेही की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार छात्रों की चिंता का समाधान करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। खेड़ा ने कहा कि सरकार ने शिक्षा बजट में कटौती की है, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर किया है, शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे हैं और शिक्षा तथा रोजगार के बीच की खाई को बढ़ने दिया है। इन सबका खामियाजा देश के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर मिली चेतावनियों की अनदेखी क्यों की गई, टेंडर प्रक्रिया में बदलाव किसके निर्देश पर किए गए, पात्रता नियमों में संशोधन क्यों किए गए।

## जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े कई प्रकरण प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व वादों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह माह से अधिक समय से लंबित मामलों की विशेष समीक्षा की जाए और बिना उचित कारण विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय मिले और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों के उपचार, सहायता और समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। जनता दर्शन के दौरान हापुड़ से आई एक छात्रा ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति और पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने छात्रा से उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। छात्रा द्वारा कक्षा सात में अध्ययनरत होने की जानकारी देने पर मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। मुख्यमंत्री ने छात्रा के अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने अधिकारियों को भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री योगी ने छात्र-शिक्षक-अभिभावकों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। मेधावियों को चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा और अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक उठे। प्रदेश स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिए गए। जनपद स्तर पर टॉप-10 में जगह बनाने वाले 1,459 मेधावियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। सीतापुर की कशिश वर्मा (97.83 प्रतिशत) को मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सम्मानित किया। लखनऊ पब्लिक कॉलेज के शिवम अवस्थी, कानपुर की अनन्या गर्ग और श्रेष्ठी सिंह, सीटीएमएस गोमती नगर के वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# भाजपा की नीतियों से खेती घाटे का सौदा बनी: सैलजा

**चंडीगढ़, वार्ता**



हरियाणा में सिरसा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ, जबकि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार वृद्धि से खेती की लागत बढ़ी है।

कुमारी सैलजा ने यहां एक बयान में कहा कि हाल ही में एनपीके और पोटाश जैसे उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उनके अनुसार खेती के लिए आवश्यक संसाधनों के महंगे होने से किसानों की परेशानियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए कृषि आदानों की कीमतों पर नियंत्रण, डीजल पर राहत तथा फसलों के लिए लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से उर्वरकों की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने और किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की। वह कांग्रेस किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाती रही हैं और आगे भी किसानों के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेंगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74267.34
निफ्टी 23382.60



सोना 160400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 269700
प्रति किलो



# सप्ताह के पहले दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन शुरुआती तेजी के बाद गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 508.40 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 165.15 अंक यानी 0.70 फीसदी उतरकर 23,382.60 अंक पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेश धारणा प्रभावित हुई है।

कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा आज तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। वृहत बाजार में बिकवाली और ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत टूट गया। आईटी, मीडिया और धातु को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। आईटी समूह का सूचकांक 2.66 फीसदी चढ़ा। इस सेक्टर में पिछले कुछ समय से लिवाली चल रही है। एफएमसीजी, बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर तीन प्रतिशत के करीब लुढ़क गया। आईटीसी में भी ढाई फीसदी की गिरावट रही। ईंधन के दाम बढ़ने से दोनों एफएमसीजी कंपनियां दबाव में हैं। एनटीपीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, टाइटन, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और भारती एयरटेल में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर साढ़े तीन से चार प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए। टीसीएस, इंडिगो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

# सर्राफा बाजार में उथल-पुथल, सोना 2,500 रुपये टूटा चांदी भी 5,000 लुढ़की

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर अब सर्राफा बाजार पर दिखाई दे रहा है। वैश्विक बाजारों में आई इस उथल-पुथल और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, सोमवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कीमती धातुओं के भाव धड़ाम हो गए। बाजार में बिकवाली के अहम आंकड़े इस प्रकार हैं। सोना: 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये (1.53:) की भारी गिरावट के साथ 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में यह 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट देखी गई है। यह 5,000 रुपये (लगभग 2 प्रतिशत) फिसलकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। पिछले सत्र में इसका भाव 2,74,700 रुपये था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस भारी गिरावट के पीछे भू- राजनीतिक तनाव और मजबूत होता डॉलर मुख्य कारण हैं।

# विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार मई में और मजबूत हुई


**मुंबई, वार्ता**

घरेलू मांग आने और तैयार माल का भंडार बढ़ाने की कंपनियों की रणनीति के कारण मई में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी देखी गई। माह.दर.माह आंकड़ों की तुलना के आधार पर एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल के 54.7 से बढ़कर मई में 55.0 पर पहुंच गया। यह मार्च में 54.3 रहा था। सूचकांक 50 से जितना ऊपर होता है वह गतिविधियों में उतनी ही तेजी दर्शाता है जबकि 50 से यह जितना नीचे रहता है गतिविधियों में उतनी ही बड़ी गिरावट का संकेत होता है।

वहीं 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है। पीएमआई सूचकांक तैयार करने के लिए नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ता को डिलिवरी में लगने वाले समय और कच्चे माल के भंडार जैसे कारकों का विश्लेषण किया जाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भट्टाचार्य ने कहा कि पीएमआई के आंकड़े दिखाते हैं कि पश्चिम संकट के अनसुलझे रहने के बीच विनिर्माता एक बार फिर तैयार माल का भंडार बढ़ा रहे हैं। उत्पादन वृद्धि में तेजी आई है। साथ ही कच्चे माल की खरीद और तैयार माल का भंडार उससे भी कहीं तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग आने से नए ऑर्डर में भी तेजी दर्ज की गई। हालांकि निर्यात के ऑर्डर की रफ्तार कम हुई है। अप्रैल की तुलना में लागत मुद्रास्फीति में मामूली राहत रही, जबकि उत्पादों की मुद्रास्फीति उससे कहीं तेजी से गिरी। यह दिखाता है कि कंपनियां कम मुनाफे पर सामान बेच रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए कंपनियों ने नए रोजगार दिए। हालांकि रोजगार बढ़ने की रफ्तार अप्रैल के मुकाबले कम थी, लेकिन फिर भी यह मजबूत रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# प्रधानमंत्री ने छह वर्ष पूरे होने पर पीएम स्वनिधि योजना की सराहना की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह साल पूरे होने पर इसके प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल ने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के अवसर प्रदान कर अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं और देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा, ष्आज हम पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे कर रहे हैं, जिसने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करके अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है। यह योजना विश्वास, गरिमा और सशक्तिकरण के बारे में है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनका दृढ़ संकल्प और उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखता है। केंद्र सरकार द्वारा जून 2020 में कोविड महामारी के बीच शुरू की गई, पीएम स्वनिधि को उन रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक सहारा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनकी आजीविका लॉकडाउन और आर्थिक व्यवधानों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। यह योजना पात्र विक्रेताओं को बिना किसी गारंटर के कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने और विस्तार करने में मदद मिलती है। पिछले कुछ वर्षों में, यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है जिसका उद्देश्य सड़कों पर रेहड़ी पटरी लगाने वालों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाकर उनके बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है और वे समय पर ऋण चुकौती से जुड़े प्रोत्साहन के पात्र हैं। सरकारी अधिकारियों ने पीएम स्वनिधि को एक परिवर्तनकारी कल्याणकारी उपाय के रूप में वर्णित किया है जिसने शहरी क्षेत्रों में लाखों छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें अपनी आय में सुधार करने और अपनी वित्तीय लचीलापन मजबूत करने में मदद मिली है।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



छात्रों से मिले संजय सिंह

**प्रयागराज।** प्रदेश की लेखपाल भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर प्रयागराज में छात्र आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह सोमवार को प्रयागराज पहुंचे और प्रतियोगी छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता केके राय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और पुलिस अधिकारियों के साथ सांसद संजय सिंह की तीखी बहस भी हुई। हालांकि बाद में छात्रों और प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय की भूमिका अहम

**लखनऊ, वार्ता**

■ ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला: अग्रवाल

प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं मुंबई डब्बावाला मॉडल के लिए चर्चित डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित बीएनआई नेटकॉन 2026 को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। किसी भी संगठन की हर गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और ग्राहक को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करना प्रत्येक कर्मचारी और प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। विश्व की प्रमुख बिजनेस नेटवर्किंग एवं रेफरल संस्था बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित नेटकॉन 2026 में 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों के बीच नेटवर्किंग, रेफरल और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना था। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष के आयोजन से 30 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो पिछले संस्करण की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। बीएनआई नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा कि आर्थिक विकास का आधार विश्वास और सहयोग पर आधारित व्यावसायिक संबंध होते हैं। उन्होंने कहा कि नेटकॉन ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ते हैं, नए अवसर तलाशते हैं और साझेदारी के माध्यम से विकास की नई संभावनाएं निर्मित करते हैं।

# सीएम ने 276 अभ्यर्थियों को दी नियुक्ति पत्र की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा वन विभाग के अंतर्गत चयनित कुल 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें वन विभाग के अंतर्गत 109, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 88, प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 65 एवं नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में चयनित 14 अभ्यर्थी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्यसेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि वर्षों के परिश्रम,



**नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा वन विभाग के अंतर्गत चयनित हुए अभ्यर्थी, कहा - नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरुआत**

अनुशासन, संघर्ष और धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता प्राप्त हुई है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्णत: पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नकल माफियाओं और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश में युवाओं की सफलता का आधार केवल उनकी योग्यता और मेरिट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं मेरिट के आधार पर सरकारी सेवाओं से जोड़ने का कार्य किया गया है।

उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में जब योग्य और कर्मठ युवा आगे आते हैं, तब विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है।

### कहा, प्रदेश में आधारभूत संरचना का तेजी से हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार भी विकसित उत्तराखंड के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है, जहां घोषणा से अधिक डिलीवरी, वादों से अधिक परिणाम और राजनीति से अधिक विकास को महत्व दिया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित युवा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए उत्तराखंड के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्मिक प्रदेश के सुनियोजित विकास में योगदान देंगे, प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देंगे, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक मातृ एवं बाल कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करेंगे तथा वन विभाग में चयनित युवा राज्य की वन संपदा एवं जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, खजान दास, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, चन्द्रेश कुमार, डॉ. आर. राजेश कुमार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कुमार का उत्तराखंड भाजपा को अजेय बनाने में अहम योगदान : चौहान

**सांगठनिक प्रक्रिया अनुसार नई भूमिका के लिए अजेय को दी शुभकामनाएं**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार को राजस्थान में पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी के लिए प्रदेश भाजपा परिवार की तरफ से शुभकामनाएं दी गई ।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि अजेय कुमार के कुशल नेतृत्व में भाजपा ने चुनावी रणनीति में अजेय बनते हुए, संगठनिक विस्तार के क्षेत्रों में अपार सफलता हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा सामान्य सांगठनिक प्रक्रिया के तहत उन्हें राजस्थान में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिसका उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना है। उन्होंने प्रदेश महामंत्री संगठन के शानदार दो कार्यकाल के रूप में उन्होंने उत्तराखंड में पार्टी को बहुमूल्य योगदान दिया है। उनकी कुशल रणनीति, शानदार प्रबंधन और दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखंड में पार्टी ने 2022 विधानसभा चुनाव समेत 2024 लोकसभा एवं निकाय, पंचायत आदि लगभग सभी चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की है। इतना ही नहीं संगठन के विस्तार की दृष्टि से बूथ से लेकर पन्ना स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूती से स्थापित करने उनके मार्गदर्शन में पार्टी सफल हुई है। देवभूमि का प्रत्येक कार्यकर्ता भी उनके संवेदनशील, गभीर, अपनत्व और सबकी चिंता करने वाले व्यवहार को हमेशा याद रखेगा।

उन्होंने अजेय कुमार को राजस्थान में मिली बड़ी भूमिका को लेकर प्रसन्नता जताते हुए अनंत शुभकामनाएं दी। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने भरोसा जताया कि उनका अनुभव राजस्थान में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में अहम योगदान देने का काम करेगा।

# उत्तराखंड के आईटीआई में बढ़ेंगी सीटें और सुविधाएं

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में छात्र संख्या बढ़ाने, सुविधाओं के विस्तार और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

सोमवार को आयोजित बैठक में मंत्री ने आगामी प्रवेश सत्र को देखते हुए विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कौशल विकास योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए, ताकि छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें। इसके लिए स्कूलों और कॉलेजों के अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करने तथा शिक्षण संस्थानों

**168 नए प्रशिक्षकों की होगी तैनाती: सौरभ बहुगुणा**

के आसपास विभागीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग लगाने के निर्देश भी दिए गए।

मंत्री ने बताया कि देहरादून के निरंजनपुर, श्रीनगर और अल्मोड़ा स्थित आईटीआई में टीवीएस कंपनी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन आगामी 16 तारीख को किया जाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ज्ंज ज्मबीदवसवहपमे को सौंपे गए 13 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जुलाई माह से अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक मशीनरी और प्रशिक्षकों की व्यवस्था टाटा टेक्नोलॉजीज के माध्यम से कर दी गई है।सौरभ बहुगुणा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 32 आईटीआई ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डीएसटी) मॉडल के तहत संचालित हो रहे हैं, जिसमें छात्र छह माह संस्थान और छह माह उद्योगों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। युवाओं को अधिक रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे आईटीआई की संख्या बढ़ाकर 45 करने की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग प्रदेश में 168 नए आईटीआई प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने जा रहा है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और संस्थानों में शिक्षण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनेगी।

बैठक में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के निदेशक संजय कुमार, संयुक्त निदेशक मनमोहन कुड़ियाल, उपनिदेशक शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रानीखेत स्थित को-ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री के फिर बहुरेंगे दिन: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ (यूसीएफ) आगे आया हे। यूसीएफ ने लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी रानीखेत स्थित को-ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री (सीडीएफ) और हल्दूचौड़ स्थित उत्तराखंड स्टेट मेडिसिन एंड पैरामेडिकल्स लिमिटेड (यूएमपीएल) को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया है। दोनों इकाइयों में आधुनिक मशीनरी, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और उन्नत उत्पादन प्रणाली स्थापित कर आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण शुरू किया जाएगा।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से वर्षों से



**यूसीएफ ने तैयार किया निष्क्रिय पड़ी औद्योगिकी इकाईयों के पुनरुद्धार का रोडमैप, कहा, स्टेट मेडिसिन एंड पैरामेडिकल्स लिमिटेड का भी होगा कायाकल्प**

बंद पड़ी सहकारी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीडीएफ और यूएमपीएल के पुनरुद्धार के लिए यूसीएफ ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। दोनों इकाइयों में नवीनीकरण, आधुनिक उपकरणों की स्थापना तथा गुणवत्ता आधारित उत्पादन प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे उत्तराखंड को आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

### 200 से अधिक युवाओं को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार

डॉ. रावत ने बताया कि दोनों इकाइयों के पूर्ण संचालन से स्थानीय स्तर पर 200 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रानीखेत, हल्दूचौड़ और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती करने वाले 500 से 1000 किसान भी सीधे इन इकाइयों से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की आपूर्ति, परिवहन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, विपणन और वितरण जैसी गतिविधियों के माध्यम से हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार एवं आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### 100 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार का लक्ष्य

सहकारिता मंत्री ने बताया कि दोनों इकाइयों के पूर्ण क्षमता से संचालन के बाद लगभग 100 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे प्रतिवर्ष 10 से 15 करोड़ रुपये तक लाभ अर्जित होने की संभावना है। आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों के माध्यम से सीडीएफ और यूएमपीएल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा।

**'आयुर्वेदिक उत्पादों का होगा व्यापक उत्पादन'**

दोनों इकाइयों में चूर्ण, वटी, रस, भस्म, तैल, आसव-अरिष्ट, गुग्गुल तथा पाक-अवलेह जैसी पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण किया जाएगा। इनमें महाशंख वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, त्रिफला चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, अर्जुनारिष्ट, दशमूलारिष्ट, महानारायण तैल एवं अभ्रक भस्म शामिल रहेंगे।

**सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास का बनेगा मॉडल**

डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड औषधीय एवं सुगंधित वनस्पतियों की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों को औषधीय खेती से जोड़ना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि सीडीएफ और यूएमपीएल का पुनर्संचालन केवल औषधि उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा , बल्कि यह सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा।

# खण्डूड़ी का व्यक्तित्व व जीवन दर्शन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को गढ़ी कैंट स्थित स्वर्गीय हरबंश कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व मंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूड़ी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने एक अनुशासित सैनिक, दूरदर्शी प्रशासक, आदर्श जनप्रतिनिधि तथा उत्तराखंड के विकास पुरुष के रूप में अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया।



**श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खण्डूड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन किए अर्पित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि खण्डूड़ी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रसेवा के ऐसे प्रतीक थे, जिनके जीवन से सार्वजनिक जीवन में शुचिता और समर्पण की प्रेरणा प्राप्त होती रहेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने उनके सैन्य जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय सेना में रहते हुए उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्वितीय साहस, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक कौशल का परिचय दिया। सेना के इंजीनियरिंग कार्यों में भी उन्होंने सीमांत क्षेत्रों के विकास और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया, जो उनकी कर्तव्यपरायणता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी खण्डूड़ी जी का जनसेवा का संकल्प निरंतर जारी रहा। वर्ष 1991 में गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद उन्होंने संसद में पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को मजबूती से उठाया और पाँच बार सांसद के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पहाड़ की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। उनके ओजस्वी विचारों और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खण्डूड़ी का व्यक्तित्व और उनका जीवन दर्शन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि उन्हें समय-समय पर खण्डूड़ी का स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होता रहा, जिसने उनके सार्वजनिक जीवन को दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में खण्डूड़ी जी ने देश के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। श्रद्धांजलि सभा में विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी , स्वामी रामदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न साधु संत,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएम ने की सीमांत पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** जनपद चमोली की नीति घाटी में 31 मई से 2 जून तक आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के पुरस्कार वितरण समारोह में वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र में पर्यटन विकास को नई गति देने को कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका सुदृढ़ करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में जनपद चमोली के नीति, मलारी, कोशा, फरकिया, बाम्पा, गुरगुटी, कैलाशपुर एवं

**मुख्यमंत्री धामी की नीति घाटी को बड़ी सौगात, नीति घाटी में पर्यटन विकास को नई उड़ान, बॉर्डर टूरिज्म और होम स्टे विकास को मिलेगा बढ़ावा**

महरगांव में सामुदायिक सहभागिता आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत सामुदायिक होम स्टे निर्माण के साथ ग्रामीण पर्यटन हेतु आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि नीति घाटी के विभिन्न गांवों एवं प्रमुख पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए साइनज एवं व्यू प्वाइंट विकसित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त जनपद चमोली के रिमखिम एवं बाड़ाहोती क्षेत्र में बॉर्डर टूरिज्म को विकसित करने के उद्देश्य से 'सीमा दर्शन केंद्र' का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने यह भी घोषणा की कि ग्राम गमशाली स्थित दुप्फूधार मैदान में आधारभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में साहसिक पर्यटन एवं बड़े आयोजनों को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री श्री धामी की इन घोषणाओं से नीति घाटी सहित पूरे सीमांत क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज को शीघ्र मिलेगा नया कुलसचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वाराहाट में शीघ्र ही नियमित कुलसचिव की नियुक्ति की जायेगी। इसके लिये प्राविधिक शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दे दिये गए हैं, ताकि संस्थान में प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

सूबे के तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सोमवार को अपने शासकीय आवास पर तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वाराहाट में नियमित कुलसचिव न होने पर विभागीय अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने तकनीकी शिक्षा निदेशक को एक सप्ताह के भीतर कुलसचिव की नियुक्ति को विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नियमित कुलसचिव न होने से प्रशासनिक कार्यों में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। जिसका

**समीक्षा बैठक में तकनीकी निदेशक को दिए शीघ्र नियुक्ति के निर्देश**

खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। बैठक में मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक कॉलेजों के छात्रावासों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कई छात्रावासों में आवश्यक मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य लंबित होने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

डॉ. रावत ने पॉलीटेक्निक संस्थानों में खेल मैदानों के विकास, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। डॉ रावत ने बैठक में प्रत्येक जनपद में एक-एक मॉडल पॉलीटेक्निक संस्थान विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विभाग के अंतर्गत संचालित पॉलीटेक्निक कॉलेजों एवं अन्य तकनीकी संस्थानों में लंबे समय से रिक्त पड़े विभिन्न संवर्गों के पदों को शीघ्र भरने तथा पदोन्नति के पात्र कार्मिकों को समयबद्ध रूप से पदोन्नत करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा डॉ रंजीत सिन्हा, कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. तृप्ता ठाकुर, निदेशक तकनीकी शिक्षा देशराज, उप सचिव ब्योमकेश दुबे सचिव यूबीटीआर डॉ मुकेश पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के लिए 191 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत बाढ सुरक्षा कार्यो, विभिन्न सड़कों एवं शासकीय आवासों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के लिए 191 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रभावित क्षेत्र में सांग नदी के चौनलाईलेशन के लिए 3.62 करोड़, विकासनगर कॉलोनी में नलकूप निर्माण के लिए 63.62 लाख स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार में पुराना दिल्ली नीतिपास राज्य मार्ग एवं हरिद्वार, शहर लोक निर्माण विभाग के



अधीन अन्य आन्तरिक मार्गो के निर्माण के लिए 21.64 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत बाह्रय न्यायालय नरेन्द्रनगर में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए टाईप-2 के 09 आवासों एवं टाईप-3 के 02 आवासो के प्रथम चरण के कार्यों के लिए लागत 5.42 लाख, राजकीय विशेष गृह, हरिद्वार परिसर में राजकीय सुरक्षा

**कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कार्यों को मिलेगी तेजी**

का स्थान भवन के निर्माण कार्य के लिए 5.55 करोड़, पर्यटन विभाग के अन्तर्गत, जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामगढ़ में मोहन बाजार मुक्तेश्वर में कार पार्किंग निर्माण के लिए 9.89 करोड़, कारागार विभाग के अर्न्तगत, सम्पूर्णानन्द शिविर, सितारगंज को पुरानी गौशाला के टिन शैड के निर्माण के लिए धनराशि 32.74 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत निर्माणाधीन पर्वतीय विकास भवन के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए 80 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद बागेश्वर में काण्डा क्षेत्र के अन्तर्गत मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए 5.41 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन को आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यों के लिए 70 करोड़ अवमुक्त किये जाने के साथ ही आस्था पथ परियोजना, ऋषिकेश के सौन्दर्याकरण के लिए 35.78 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं हेतु चालू वित्तीय वर्ष में अंशपूजी के रूप में कुल धनराशि 25 करोड एवं भवनों के ऊपर से गुजरने वाली विभिन्न, विभव (वोल्टेज) की विद्युत लाईनों को शिफ्ट किए जाने के लिए 5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में श्री प्रेमनगर आश्रम गंगा घाट का सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए 1.50 करोड़ तथा वीरभद्र बैराज ऋषिकेश से चंडी घाट हरिद्वार तक सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 4.68 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा विकासखण्ड कनालीछीना के ग्राम पंचायत सुरूण में कालसीन देवता मन्दिर में धर्मशाला निर्माण एवं मार्ग का चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 27 लाख तथा विकासखण्ड जौनपुर के तहसील नैनबाग के अन्तर्गत ग्राम विरोड़ में स्थित नाग देवता के प्राचीन मन्दिर के नवनिर्माण एवं सौन्दर्यींकरण के लिए ₹ 49.86 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन और रोजगार के लिए खुल रहा है रास्ता : सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** सीमांत जनपद चमोली की सुरम्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीति घाटी में 31 मई से 2 जून तक आयोजित हो रहे 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाओं के विज. ेताओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।







■ नीति घाटी में गूंजा फिट इंडिया का संदेश, 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में संचालित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आयोजित यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीमांत गांवों को "देश का पहला गांव" मानते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' जैसे आयोजन उनका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने के साथ रिवर्स माइग्रेशन को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि नीति क्षेत्र में होम स्टे की संख्या 35 से बढ़कर 450 से अधिक हो चुकी है, जो इस क्षेत्र में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 11 हजार फीट की ऊंचाई पर आयोजित यह अल्ट्रा रन युवाओं के अदम्य साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। मलारी गांव में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरुष्कार धनराशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। "नीति घाटी का यह जागरण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों के स्वाभिमान, स्वावलंबन और नए विश्वास की नई इबारत है।

उन्होनें कहा यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा, बल्कि उत्तराखंड की हर सीमांत घाटी तक पहुंचेगा।" मुख्यमंत्री ने आयोजन की सफलता पर सभी आयोजकों, भारतीय सेना, आईटीबीपी तथा स्थानीय जनता को शुभकामनाएं दीं। पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में देश के 27 राज्यों से आए 1200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के अंतर्गत 5, 10, 21, 42 एवं 75 किलोमीटर की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन प्रतियोगिताओं के परिणाम

05 किलोमीटर (18 वर्ष से कम आयु वर्ग) पुरुष वर्ग में हर्षित यादव प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय एवं शिवम भुजवान तृतीय रहे। महिला वर्ग में रेखा प्रथम, भावना रावत द्वितीय एवं राधिका तृतीय स्थान पर रहीं। 05 किलोमीटर ओपन वर्ग के पुरुष वर्ग में प्रकाश भट्ट प्रथम, मोहम्मद अशरफ द्वितीय एवं मोहम्मद क्वासम तृतीय रहे। महिला वर्ग में अर्पिता सैनी प्रथम, वाई. तिमनाह द्वितीय एवं अनिता चौहान तृतीय रहीं। 10 किलोमीटर ओपन वर्ग के पुरुष वर्ग में सुरेंद्र सिंह प्रथम, मन्नू सिंह द्वितीय एवं सजन पंवार तृतीय रहे। महिला वर्ग में पूजा बिष्ट प्रथम, निशा नेगी द्वितीय एवं ईशा बर्त्वाल तृतीय रहीं। 10 किलोमीटर 60+ आयु वर्ग में दलबीर सिंह प्रथम, गोविंद कुमार राणा द्वितीय एवं सतीश चंद चौहान तृतीय रहे। 21 किलोमीटर ओपन वर्ग में लोकेश कुमार प्रथम, दीपक रावत द्वितीय एवं कुलदीप नेगी तृतीय रहे। महिला वर्ग में प्रिया प्रथम, निकिता खोलिया द्वितीय एवं आयुषी कनवाल तृतीय रहीं। 21 किलोमीटर 50+ आयु वर्ग में दीपेश जोशी प्रथम, नंदन सिंह द्वितीय एवं पवन तृतीय रहे। महिला वर्ग में अनुदा तमांग प्रथम, अंजू कुटियाल द्वितीय एवं इंदिरा दीवान तृतीय रहीं। 42 किलोमीटर ओपन वर्ग में यश राज प्रथम, सत्यम द्वितीय एवं महेंद्र सिंह बिष्ट तृतीय रहे। महिला वर्ग में दिया प्रथम, अर्पिता सैनी द्वितीय एवं अंजू तृतीय रहीं। 42 किलोमीटर 40+ आयु वर्ग में सतपाल प्रथम, महेश यादव द्वितीय एवं कलम सिंह बिष्ट तृतीय रहे। महिला वर्ग में मीना कंडारी प्रथम, सुष्मिता राय द्वितीय एवं शांति राय तृतीय रहीं। 42 किलोमीटर 60+ आयु वर्ग में थॉमस प्रथम, मुकेश राणा द्वितीय एवं सतीश चंद्रा तृतीय रहे। 75 किलोमीटर ओपन वर्ग में दिगंबर सिंह प्रथम, अर्जुन प्रधान द्वितीय एवं विजय सिंह तृतीय रहे। महिला वर्ग में मीनाक्षी प्रथम, मीना कुमारी सुब्बा द्वितीय एवं फलेश्वरी रजवाड़ तृतीय रहीं। 75 किलोमीटर 50+ आयु वर्ग में चरण सिंह प्रथम, किशन बढ़वार द्वितीय एवं रतन सिंह सोनल तृतीय रहे। महिला वर्ग में आशा सिंह प्रथम एवं कशीरसगरा रमसमिता द्वितीय रहीं। 75 किलोमीटर 60+ आयु वर्ग में कृष्णा तमांग प्रथम, महिपाल सिंह द्वितीय एवं शिवेंद्र सिंह बिष्ट तृतीय रहे। इस महाआयोजन में राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक भागीदारी देखने को मिली। देश के 27 राज्यों से आए 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने सीमांत क्षेत्र में आयोजित इस आयोजन को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। श्रेणीवार प्रतियोगिताओं में 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन में 160 प्रतिभागी, 42 किलोमीटर मैराथन में 155 प्रतिभागी, 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में 215 प्रतिभागी, 10 किलोमीटर शॉर्ट रन में 210 प्रतिभागी तथा 5 किलोमीटर फन रन में 260 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न दौड़ स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। कल 2 जून, आयोजन के अंतिम दिन में गमसाली से मलारी के मध्य 30 किलोमीटर एमटीबी चौलेंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित भारतीय सेना, आईटीबीपी, चिकित्सा विभाग, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर पेंशनर्स संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 3 जून को

**रुद्रप्रयाग।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन उत्तराखण्ड की जनपद रुद्रप्रयाग इकाई ने आगामी 9 जून को रुड़की में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर जनपद स्तरीय बैठक आहूत की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सदर सिंह रावत एवं जिला मंत्री एम.पी. पुरोहित ने बताया कि यह महत्वपूर्ण बैठक 3 जून को प्रात: 10 बजे काली कमली धर्मशाला, थाना रुद्रप्रयाग के निकट आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 9 जून को रुड़की में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में संगठन की नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों पर व्यापक चर्चा होगी। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के बावजूद उत्तराखण्ड शासन स्तर पर लंबित हैं। इनमें 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर क्रमश: 5, 10 एवं 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन वृद्धि की मांग प्रमुख है। इस संबंध में शासन द्वारा गठित समिति अपनी रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर चुकी है। इसके अतिरिक्त पेंशन के राशिकरण (कम्यूटेशन) की कटौती अवधि को वर्तमान 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 8 माह किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी, जिसके पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय भी आ चुका है। संगठन ने यह भी बताया कि जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति जून अथवा दिसंबर माह में हुई है, उन्हें एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि (इन्क्रीमेंट) का लाभ दिए जाने का मामला भी लंबे समय से लंबित है।

# यात्रा मार्गों पर आबकारी विभाग का बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जनपद रुद्रप्रयाग में आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 61 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मच गया है।



■ 61 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देश पर चल रहे अभियान में बड़ी सफलता,

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशों के तहत जनपदभर में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 31 मई की शाम आबकारी विभाग की टीम ने यात्रा मार्ग क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें यह बड़ी सफलता हाथ लगी। जिला आबक. ारी अधिकारी रमेश बंगवाल ने बताया कि विभाग को लगातार अवैध शराब तस्करी की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर विशेष निगरानी रखते हुए टीम ने कार्रवाई की। अभियान के दौरान दीपक सिंह और प्रकाश साही को पकड़ा गया, जिनके पास से कुल 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वहीं दूसरी कार्रवाई में मोहम्मद साबर पुत्र मोहम्मद मुला को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 25 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस प्रकार कुल 61 बोतल अवैध शराब जब्त करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा जैसे संवेदनशील धार्मिक मार्गों पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा यात्रा मार्गों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिला आबक. ारी अधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब की बिक्री, भंडारण या तस्करी की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन अथवा आबकारी विभाग को सूचित करें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने दोहराया कि जनपद में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और आगे भी इसी प्रकार छापेमारी तथा चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे। अवैध गति. विधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर .......

### 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, असम भागने की फिराक में था आरोपी

**देहरादून।** दून पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक व्यक्ति पर बेसबॉल के डंडे से जानलेवा हमला किया था। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस के अनुसार, 19 मई 2026 की रात आरोपी हिमांशु डंगवाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अजबपुर खुर्द निवासी सुशील मौर्य पर लोहे की रॉड और बेसबॉल के डंडे से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सुशील मौर्य को इलाज के लिए जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 31 मई की रात आईएसबीटी क्षेत्र से हिमांशु डंगवाल उर्फ मिंटू को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह बस के जरिए अपनी ससुराल असम भागने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया बेसबॉल का डंडा भी बरामद कर लिया है।

### गंगोत्री जा रही श्रद्धालुओं की कार धराली नाले में पलटी, चार लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धराली के पास सोमवार सुबह एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार एक ही परिवार के चार श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी में भर्ती कराया गया है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9:15 बजे उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम जा रही कार (UP16DQ-2207) धराली नाले के समीप एचआरएम पाइप पर फिसलकर सड़क से बाहर निकल गई और पलटकर नीचे जा गिरी। दुर्घटना में वाहन सवार चारों लोग घायल हो गए। घायलों में अनुराग सक्सेना (33 वर्ष), उनकी पत्नी वर्षा सक्सेना (33 वर्ष), पुत्र अवयुक्त (5 वर्ष) तथा प्रतिमा सक्सेना (56 वर्ष) शामिल हैं। सभी निवासी द्वारका, पश्चिम दिल्ली के बताए गए हैं। राहत एवं बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सुरक्षित बाहर निक. ाला और अस्पताल पहुंचाया।

चिकित्सकों के अनुसार सभी को सामान्य चोटें आई हैं। गौरतलब है कि बीते वर्ष 5 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ ने धराली बाजार और गंगोत्री हाईवे को भारी नुकसान पहुंचाया था। आपदा के लगभग दस माह बाद भी कई स्थानों पर अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे चारधाम यात्रा का संचालन किया जा रहा है। गंगोत्री धाम से ऋषिकेश तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई संवेदनशील स्थल ऐसे हैं, जहां भूस्खलन और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। ऐसे में यात्रा मार्ग की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

### श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव: अध्यक्ष पद पर दो ने किया नामाकंन

**श्रीनगर।** श्रीनगर व्यापार सभा के आगामी चुनाव को लेकर बाजार में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। अध्यक्ष पद के लिए राजीव वर्मा और अनुज जोशी ने सोमवार को अपना-अपना नामांकन पत्र जमा किया। उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 2 जून तक जारी रहेगी। इसके बाद 3 जून को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी। 4 जून को वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। बताया कि व्यापार सभा के चुनाव के लिए 12 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की जाएगी और उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जिलाध्यक्ष कंडारी ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के लिए व्यापार सभा का नोड्यूज प्रमाण पत्र, प्रदूषण संबंधी अधिवक्ता द्वारा सत्यापित शपथ पत्र तथा आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सभी इच्छुक प्रत्याशियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की। वहीं व्यापार सभा चुनाव को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# नौगांव सीएचसी की बदहाली पर फूटा जनाक्रोश, अस्पताल का घेराव कर लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांव/उत्तरकाशी।** यमुना घाटी में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर लोगों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नौगांव का घेराव कर स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की।



प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र का प्रमुख सरकारी अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल में न तो मरीजों के एक्स-रे हो पा रहे हैं और न ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध है। आवश्यक दवाओं की कमी से भी मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल के एक्स-रे कक्ष पर पिछले दो माह से ताला लटका हुआ है। एक्स-रे तकनी. शियन के अभाव में जांच सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। वहीं लैब तकनीशियन न होने से पैथोलॉजी जांचें भी प्रभावित हो रही हैं। बताया गया कि तकनीशियनों के वार्षिक अनुबंध का नवीनीकरण न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। दूर-दराज के गांवों से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को एक्स-रे और अन्य जांचों के लिए निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई गंभीर मरीजों को जांच के लिए विकासनगर और देहरादून तक जाना मजबूरी बन गया है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विकास के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं की ओर उनका कोई ध्यान नहीं है।

उन्होंने कहा कि पुरोला विधानसभा क्षेत्र में विकास के दावों की हकीकत अस्पताल की बदहाल व्यवस्था खुद बयां कर रही है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कमी के चलते मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

# डागर में तीन दिवसीय गुरु माणिकनाथ मेला का समापन

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के डागर क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक एवं पौराणिक सिद्धपीठ श्री गुरु माणिकनाथ मेले का सोमवार अनुष्ठान के साथ समापन हुआ। मेले में डागर पट्टी सहित टिहरी और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरु माणिकनाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मेले की शुरुआत 30 मई को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। 31 मई को कोठार गांव में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद सिद्धपीठ श्री गुरु माणिकनाथ की भव्य यात्रा हजारों श्रद्धालुओं के साथ उनकी पवित्र गुफा के लिए रवाना हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात गुरु माणिकनाथ की डोली पुन: अपने मूल स्थान कोठार गांव पहुंची, जिसके साथ ही तीन दिवसीय मेले का विधिवत समापन हुआ। बताया गया कि कोठार ग्राम सभा से आयोजित होने वाली यह यात्रा डागर पट्टी और टिहरी जनपद की सबसे प्राचीन एवं आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक मानी जाती है। श्रद्धालुओं ने लगभग 10 किलोमीटर की दुर्गम पैदल यात्रा तय कर सिद्धपीठ पहुंचकर बाबा माणिकनाथ के दर्शन किए। यात्रा में गुरु माणिकनाथ के पश्वा त्रेपन सिंह जाखी, मेला संयोजक गौरव राणा, ग्राम प्रधान कोठार चंद्रभानू सिंह पंवार, ग्राम प्रधान डागर संजय भट्ट, माणिकनाथ समिति अध्यक्ष कमल सिंह नेगी, राम प्रकाश, मोहनलाल भट्ट, भूपेंद्र भंडारी, धीरज राणा, परमवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# इतिहास विषय की परीक्षा हरिद्वार और हल्द्वानी में संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह-ग') सेवा के अंतर्गत इतिहास विषय की मुख्य लिखित (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार, 31 मई 2026 को किया गया। यह परीक्षा हरिद्वार और हल्द्वानी नगर के कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में संपन्न हुई। आयोग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, इस परीक्षा में कुल 5,519 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के दोनों सत्रों में उपस्थित और अनुपस्थित अभ्यर्थियों का ब्यौरा इस प्रकार है: प्रथम सत्र (इतिहास-१) में कुल 5,519 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,332 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2,187 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं, द्वितीय सत्र (इतिहास-II) में कुल 5,519 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,316 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 2,203 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

# मंत्री ने जाना गुलदार के हमले में घायल महिला का हालचाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री व श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने बेस चिकित्सालय श्रीनगर पहुंचकर गुलदार के हमले में घायल भर्ती महिला का हालचाल जाना।



■ विनीता देवी से मुलाकात कर चकित्सकों से ली उपचार की जानकारी

दोनों मंत्रियों ने अस्पताल में भर्ती ओणी गांव निवासी विनीता देवी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि विनीता देवी गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्रियों ने डॉक्टरों को महिला के बेहतर उपचार के निर्देश देते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने परिजनों को भी ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री अस्पताल में भर्ती दीपक उनियाल की माता से भी मिलने पहुंचे। बताया गया कि सीढ़ियों से गिरने के कारण उन्हें चोटें आई थीं और उनका उपचार बेस अस्पताल में चल रहा है। दोनों मंत्रियों ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों से इलाज की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इस दौरान अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों को मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# श्रीनगर में बनाया जायेंगा ट्रामा सेंटर और रेन बसेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के बेस चिकित्सालय श्रीनगर में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री व श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए बहुमंजिला पार्किंग निर्माण तथा विद्युत स्टोर एवं कक्ष निर्माण कार्यों का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, ट्रामा सेंटर स्थापना और पलायन रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इससे सड़क दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को गोल्डन ऑवर के भीतर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। कहा कि ट्रामा सेंटर चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय जनता के लिए भी जीवनरक्षक साबित होंगे। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं कहा कि पलायन रोकना आज राजनीतिक और सामाजिक दोनों दृष्टि से अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से पलायन रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। मौके पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई और युवाओं से तंबाकू एवं नशे से दूर रहने की अपील की।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर को स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। बताया कि 400 नाली जीवीके भूमि पर मेडिकल कॉलेज का विस्तार किया जाएगा। साथ ही मरीजों के तीमारदारों की सुविधा के लिए 100 कमरों वाला आधुनिक रेन बसेरा भी बनाया जाएगा।

कहा कि सरकार का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए लगातार नई योजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है। कार्यक्रम में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, जितेंद्र रावत, दीपक उनियाल सहित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में एनकॉर्ड समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दर्ज प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाए।

तथा संवेदनशील क्षेत्रों एवं संभावित हॉटस्पॉट स्थानों को चिन्हित कर नियमित जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई चलाने के निर्देश दिए गए। युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल, कॉलेज एवं ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं औषधि विभाग को आपसी समन्वय के साथ सूचना साझा करते हुए संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। अवैध रूप से प्रयुक्त होने वाली प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

जनपद को नशामुक्त बनाने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, आबकारी तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे, सीओ टिहरी चंद्र मोहन, एआरटीओ सतेंद्र राज, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग से संगीता, धर्मेंद्र रौतेला आदि संबंधित उपस्थित रहे।

# थानों गांव में स्थित मस्जिद को सील करना निंदनीय: जमीअत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** थानों गांव स्थित मस्जिद को सील किए जाने की कार्रवाई की जमीअत उलेमा-ए-हिन्द उत्तराखण्ड ने कड़े शब्दों में निंदा की है। जमीअत के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि यह कार्रवाई न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है।

**■ उत्तराखण्ड में हो रहा मौलिक अधिकारों का खुला हनन क्या एमडीडीए के गठन से पूर्व बने सभी भवन भी किए जाएंगे सील ? ■ सरकारी धन और सरकारी विभाग के निर्मित हिस्से को अवैध बताना प्रशासनिक विफलता का प्रमाण: मौलाना शराफत अली कासमी ■ राज्यपाल, अल्पसंख्यक आयोग व मानवाधिकार आयोग से की जाएगी शिकायत**

उन्होंने कहा कि जिस मस्जिद का अस्तित्व वर्ष 1985 से है और जिसका एक हिस्सा अल्पसंख्यक कल्याण निधि से सरकारी विभाग द्वारा निर्मित कराया गया हो, उसे अवैध निर्माण बताकर सील करना प्रशासनिक विरोधाभास और गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। यदि वास्तव में उक्त निर्माण नियमों के विरुद्ध था तो उस समय निर्माण कराने वाले विभागों और अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

मौलाना कासमी ने सवाल उठाया कि क्या मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण यह स्पष्ट करेगा कि उसके गठन से पूर्व बने सभी भवनों, धार्मिक स्थलों और संस्थानों की भी इसी प्रकार जांच कर उन्हें सील किया जाएगा, अथवा कानून का डंडा केवल चुनिंदा संस्थानों पर ही चलाया जाएगा? यदि नियमों की बात है तो नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आदेश यदि केवल एक हिस्से तक सीमित था तो पूरे परिसर तथा वहां तक पहुंचने वाले रास्ते को सील करना किस कानून के तहत किया गया? नमाजियों को मस्जिद तक पहुंचने से रोकना और इबादत के अधिकार को बाधित करना अत्यंत गंभीर विषय है। किसी निर्माण विवाद का समाधान धार्मिक गतिविधियों को बंद कराकर नहीं किया जा सकता। जमीअत उलेमा-ए-हिन्द का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखण्ड में मस्जिदों, मदरसों और मुस्लिम धार्मिक संस्थानों के विरुद्ध जिस प्रकार लगातार कार्रवाई की जा रही है, उससे अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर असुरक्षा और भेदभाव की भावना बढ़ रही है। सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून का उपयोग न्याय के लिए हो, किसी समुदाय को भयभीत करने या संदेश देने के लिए नहीं। मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने और धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना एवं इबादत करने की स्वतंत्रता देता है। यदि प्रशासनिक कार्रवाइयों के नाम पर लोगों को मस्जिदों में प्रवेश से रोका जाएगा तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है। उन्होंने कहा कि जमीअत उलेमा-ए-हिन्द इस मामले को उत्तराखण्ड के राज्यपाल, राज्य एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग तथा मानवाधिकार आयोग के समक्ष उठाएगी और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करेगी। साथ ही यह भी मांग की जाएगी कि मस्जिद को तत्काल खोलकर नमाजियों के आवागमन एवं इबादत के अधिकार को बहाल किया जाए।

मौलाना कासमी ने कहा कि कानून का राज निष्पक्षता से चलता है, शक्ति प्रदर्शन से नहीं। लोकतंत्र की असली पहचान यह है कि वह अपने सबसे कमजोर और सबसे कम सुने जाने वाले नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे। थानों मस्जिद प्रकरण में प्रशासन को अपनी कार्रवाई पर पुनर्विचार करते हुए न्याय, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# दून मे अब हर सोमवार होगा समाधन दिवस

**शाह टाइम्स संवददाता**

**देहरादून।** जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए अब जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एक बड़ी पहल की है। जनपद में अब प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार श्समाधान दिवसश के रूप में जाना जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनता की प्रत्येक समस्या और शिकायत को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा, ताकि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने 132 शिकायतों की सुनवाई की। इन शिकायतों में सबसे अधिक मामले भूमि विवादों से जुड़े थे। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर एक उच्च-स्तरीय विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह सेल भूमि सीमांकन, अतिक्रमण, किरायेदार संबंधी विवाद और राजस्व से जुड़े मामलों को फास्ट ट्रैक मोड में हल करेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर डीएम डॉ. आशीष चौहान ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़क सुविधा से वंचित दूरस्थ गांवों में गर्भवती महिलाओं का डेटाबेस तैयार कर उनकी नियमित निगरानी की जाए। श्हाई रिस्कश प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं को प्रसव से पहले सुरक्षित अस्पतालों में भर्ती कराने और अस्पतालों में मरीजों के लिए टोकन व्यवस्था लागू करने को कहा गया है, ताकि उन्हें लंबी कतारों में न खड़ा होना पड़े।

समाधान दिवस के दौरान डीएम ने बुजुर्गों की समस्याओं पर तत्काल एक्शन लिया। 89 वर्षीय पूर्व सैनिक राधेश्याम ने किरायेदार द्वारा मकान खाली न करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को मामले का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इसी तरह निजी संपत्ति पर अवैध कब्जे की शिकायत पर एसडीएम सदर को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए।

इसके अलावा, ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के लिए पीएम फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा दिलाने, जनजातीय क्षेत्रों में श्खुशियों की सवारीश एंबुलेंस सेवा शुरू करने और देहरादून-डोईवाला-जौली-थानो मार्ग पर इलेक्ट्रिक बस सेवा के प्रस्ताव पर भी डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# एमडीडीए ने थानों में मस्जिद व मदरसा किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण और बिना वैधानिक अनुमति संचालित गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए डोईवाला तहसील के ग्राम कण्डोगल कुडियाल (थानों) स्थित एक मस्जिद एवं मदरसा भवन को सील कर दिया है। प्राधिकरण की यह कार्रवाई उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम, 1973 के तहत की गई।एमडीडीए के अनुसार संबंधित भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल पर बिना आवश्यक स्वीकृतियों के मस्जिद का संचालन किया जा रहा था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि परिसर में मदरसा भी संचालित किया जा रहा है, जबकि इसके लिए आवश्यक विभागीय अनुमतियां और पंजीकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। प्राधिकरण का कहना है कि भवन के विरुद्ध पूर्व में भी चालान की कार्रवाई की जा चुकी थी और संबंधित पक्ष को कई अवसर दिए गए थे, लेकिन नियमों के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। एमडीडीए अधिकारियों के मुताबिक भवन के प्रथम तल को 17 दिसंबर 2025 को सील किया गया था। इसके बाद जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर इमामों के आवास की व्यवस्था न होने का हवाला देते हुए कुछ अतिरिक्त समय की मांग की थी। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्राधिकरण ने सीमित अवधि के लिए राहत प्रदान की और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संबंधित पक्ष से उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद से पंजीकरण एवं मान्यता संबंधी अभिलेख सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। मामले की सुनवाई के लिए 7 जनवरी 2026 तथा 11 फरवरी 2026 की तिथियां भी निर्धारित की गईं, लेकिन निर्धारित समयावधि में अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। प्राधिकरण के निरीक्षण के दौरान भवन परिसर में मदरसे का संचालन जारी पाया गया। अधिकारियों का कहना है कि लगातार नोटिस, सुनवाई और पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद नियमों का अनुपालन नहीं किया गया। आवश्यक अनुमतियों और अभिलेखों के अभाव में भवन का उपयोग जारी रहने को गंभीर उल्लंघन मानते हुए एमडीडीए ने कार्रवाई का निर्णय लिया। इसके बाद 01 जून 2026 को भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण चालानशुदा अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता दीपक नौटियाल, सुपरवाइजर, नायब तहसीलदार डोईवाला राजेन्द्र सिंह रावत, और थानाध्यक्ष रानीपोखरी व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माण सील किया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा की संबंधित पक्ष को नियमानुसार सुनवाई का पूरा अवसर दिया गया था। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने और वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय भी उपलब्ध कराया गया। इसके बावजूद निर्धारित अवधि के भीतर अपेक्षित अभिलेख प्राधिकरण को प्राप्त नहीं हुए।



**■ प्राधिकरण ने कहा, नोटिस, सुनवाई और मोहलत के बाद हुई कार्रवाई, निरीक्षण में जारी मिला बिना अनुमति मदरसे का संचालन**

### प्राधिकरण का उद्देश्य किसी संस्था या समुदाय विशेष को लक्षित करना नही : तिवारी

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा की प्राधिकरण का उद्देश्य किसी व्यक्ति, संस्था या समुदाय विशेष को लक्षित करना नहीं है, बल्कि कानून का समान रूप से पालन सुनिश्चित करना है। प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य, संस्थान का संचालन अथवा भूमि उपयोग परिवर्तन निर्धारित नियमों और आवश्यक स्वीकृतियों के अनुरूप होना चाहिए। संबंधित पक्ष को नियमानुसार नोटिस जारी किए गए, सुनवाई का अवसर दिया गया तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय भी उपलब्ध कराया गया। मानवीय आधार पर अतिरिक्त मोहलत भी दी गई, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। निरीक्षण के दौरान नियमों के उल्लंघन की स्थिति बनी रही। ऐसे में अधिनियम के तहत उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करना आवश्यक था। एमडीडीए भविष्य में भी अवैध निर्माण, अनधिकृत संस्थानों और बिना अनुमति संचालित गतिविधियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगा।

# जोशी ने किया देशव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज सहसपुर ब्लॉक के ढ़ाकी गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रेरणा से 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में आयोजित होने वाले देशव्यापी श्खेत बचाओ अभियानश का प्रदेश में विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और आत्मा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट किसानों को 25 हजार की धनराशि के चौक तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया।




**■ सहसपुर के ढ़ाकी गांव में कृषि मंत्री हुए कार्यक्रम में शामिल प्रदेश में एक माह तक चलेगा खेत बचाओ अभियान, कृषि मंत्री जोशी बोले -खेत बचेगा तो देश बचेगा**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गाँव-गाँव जाकर किसानों को संतुलित खाद उपयोग, नकली पेस्टिसाइड की पहचान और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हमारे खेत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं हैं, बल्कि यही खेत हमें अन्न, फल, सब्जियाँ और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि श्खेत बचेगा तो देश भी बचेगा,क्योंकि किसानों की समृद्धि, खाद्य सुरक्षा और राष्ट्र की उन्नति का आधार हमारी कृषि और उपजाऊ भूमि ही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए मिट्टी की सेहत का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के असंतुलित और अत्यधिक उपयोग से धरती माँ की उर्वरा शक्ति लगातार प्रभावित हो रही है, जिससे कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा मिट्टी संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के सभी किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़ें, वैज्ञानिक सलाह के अनुसार खाद का उपयोग करने और धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर किसान आयोग अध्यक्ष अजीत सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष जड़ी बूटी भुवन विक्रम डबराल, जिलाध्यक्ष मिता सिंह, सचिव कृषि एसएन पांडेय, निदेशक कृषि दिनेश कुमार, निदेशक उद्यान आरके सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# 250 मेधावियों और 26 समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रोग्रेसिव कम्युनिटी देहरादून की ओर से संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 250 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

वहीं शिक्षा, साहित्य, कानून, पत्रकारिता, चिकित्सा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 26 हस्तियों को विभिन्न सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. सरफराज हुसैन ने की, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता वैभव वालिया मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्रेसिव कम्युनिटी के संरक्षक डॉ. रियाजुल हसन सिद्दीकी ने किया।

मुख्य अतिथि वैभव वालिया ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सरफराज हुसैन ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का साधन भी है। विशिष्ट वक्ता डॉ. अफरोज इकबाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार से जुड़े विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।



**■ प्रोग्रेसिव कम्युनिटी ने प्रतिभाओं का किया अभिनंदन शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का साधन भी है**

## इन हस्तियों को मिला सम्मान

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद सलीम सैफी को मौलवी बाकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जस्टिस आगा हैदर अवार्ड एडवोकेट अनस अली, एडवोकेट मूसा खान, एडवोकेट फरजान उल्लाह उस्मानी, एडवोकेट मोहम्मद सुहेब और एडवोकेट उमर मलिक को प्रदान किया गया। सर सैयद अवार्ड नूर इलाही, डॉ. रहमान खान, डॉ. सुधीर पवार और अरीब खालिद फारूकी को दिया गया।

वहीं डॉ. जाकिर हुसैन अवार्ड इंजीनियर शमीम अहमद अंसारी, मोहम्मद इकराम अंसारी और डॉ. एम.एस. अंसारी को प्रदान किया गया। हकीम अजमल खान अवार्ड हकीम इशरत फारूकी को मिला। साहित्य के क्षेत्र में सैयद जियाउल हसन जैदी को दाग देहलवी अवार्ड तथा खुर्शीद अली खान को मिर्जा गालिब अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## मेधावी छात्रों का भी हुआ सम्मान

शैक्षिक उपलब्धियों के लिए जुनैरा हाशमी और उबैद उल्लाह काजमी को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रदान किया गया। सैयद इबाद हसन और अशरफ जमाल कुरैशी को बेस्ट एलएलबी स्टूडेंट अवार्ड मिला। अलीगढ़ मुस्लिम विवि से अंग्रेजी साहित्य में पीएचडी प्राप्त करने वाली अदीबा सिद्दीकी को एकेडमिक एक्सीलेंस एंड रिसर्च अचीवमेंट ऑनर दिया गया। वहीं अमानुल्लाह उस्मानी को जर्नलिज्म करियर कमेंसमेंट ऑनर और उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ अमजद उस्मानी को कैप्टन जफर इकबाल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## पुलिस पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** सत्यापन के दौरान पुलिस पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के दो आरोपियों को काशीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को कोतवाली काशीपुर की पुलिस टीम एसआरएफ फैक्ट्री एवं गड्ढा कॉलोनी में सत्यापन कार्य में जुटी थी कि इसी दौरान सरकारी गाड़ी से गलत साइड से आ रहे पारस नाम के लड़के की मोटर साइकल टकरा गई और उसे हल्की फुलकी खरोंचें आ गई। इस पर उक्त पारस नाम का उक्त लड़का उग्र होकर गालीगलौच करता हुआ मौके से चला गया तथा थोड़ी देर बाद अपने भाई पीयूष और चाची के साथ मौके पर आ गया और पुलिसकर्मियों से गालीगलौच करते हुए और चालक वीरेंद्र का गिरेबान पकड़कर खींचने लगा।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (नगरीय), हरिद्वार
दूरभाष: 01334-221199 फैक्स: 221199

**विद्युत बन्दी सूचना**

निम्नलिखित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के अन्तर्गत निम्नलितखित 33/11 केवी उपसंस्थानों के अन्तर्गत निम्नलिखित 11 केवी पोषकों पर ACSR Weasel Conductor के स्थान पर AAAC Covered Conductor बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित हैं, जिस कारण निम्नलिखित क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति आंशिक/पूर्णकालिक बाधित रहेगी।
अतः उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे उक्त अवधि में पेयजल /विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था कर लें।

| क्र0सं0 | दिनांक | क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 02/06/2026 03/06/2026 05/06/2026 06/06/2026 08/06/2026 09/06/2026 10/06/2026 11/06/2026 | 11 के०वी० स्ट्रीट लाइट पोषक | प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक |

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए"
पत्रांक: कैंप/वि0वि0ख0/ह0/ दिनांक: 01/06/2026
अधिशासी अभियन्ता
(राष्ट्र हित में विद्युत बचायें) टोल फ्री नं0 1800-419-0405

## आकाश देहरादून के 16 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए हुए क्वालिफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने जेईई एडवांस्ड 2026 में देहरादून के अपने स्टूडेंट्स के शानदार परफॉर्मेंस की घोषणा की है। इस परीक्षा के रिजल्ट आज घोषित किए गए। सेंटर के कुल 16 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड 2026 को सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और एकेडमिक एक्सीलेंस के प्रति कमिटमेंट को दिखाता है। यह अचीवमेंट एईएसएल के स्ट्रक्चर्ड लर्निंग इकोसिस्टम, एक्सपीरियंस्ड फैकल्टी और एग्जाम की तैयारी के लिए स्टूडेंट-सेंट्रिक अप्रोच के असर को भी दिखाता है। सेंटर के टॉप परफॉर्मर्स में, वेदांश बहुगुणा ने 199 मार्क्स के साथ ऑल इंडिया रैंक 1392 हासिल की और देहरादून सिटी टॉपर रहे, जबकि वेदांत सिंह रौतेला ने 157 मार्क्स के साथ 4698 रैंक हासिल की। दूसरे जाने-माने अचीवर्स में आदित्य शर्मा (रैंक 6356), अरुणाभ निधि शर्मा (रैंक 7505), और प्रक्षाल जैन (रैंक 9162) शामिल हैं। एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर, डीके मिश्रा ने कहा कि, ष्हमें जेईई एडवांस्ड 2026 में उनके शानदार परफॉर्मेंस के लिए अपने स्टूडेंट्स पर बहुत गर्व है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र तुषार मैरे व परिवार के कहने-सुनने में नही है। मैंने अपने पुत्र को उसके आचरण के चलते उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में तुषार द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कार्य, व्यवहार, लेन-देन, ऋण अथवा दायित्व के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी-कुड़कावाला, होपवाला, जनपद देहरादून, उत्तराखंड।**

**सूचना**

हमारा पुत्र समीर सिंह व पुत्रवधु सिमरन भारद्वाज हमारे कहने सुनने में नहीं है। वह आए दिन घर में लड़ाई झगड़ा करते हैं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य एवं लेन देन के लिए हम जिम्मेदार नहीं रहेंगे। भविष्य में हमारा इनसे कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा। हम इन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं।

**दिनेश भारद्वाज पुत्र भादूराम आधार नंबर-214678318220 एवं नीलम पत्नी दिनेश कुमार आधार नंबर-248773275348 निवासी कोठियाल रोड दिनकर विहार विकासनगर, जिला देहरादून।**

**खोया पाया**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 16053021 का अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र वास्तव में खो गये हैं।

**धर्मेन्द्र लाल पुत्र मुर्खल्या ग्राम हडियाणा मल्ला पोस्ट खोली हिंदाव टिहरी गढ़वाल।**

**खोया पाया**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 23049677 का अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र वास्तव में खो गये हैं।

**अंकित सिंह राणा पुत्र प्रबल सिंह राणा ग्राम हडियाणा मल्ला हिंदाव पोस्ट खोली टिहरी गढ़वाल**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 466 **निविदा सूचना** दिनांक 01.06.2026

कार्यालय अधिशासी अभियंता (उ), चीला विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से अति अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है.
निविदा सं0:- 02/अ०अ०(उ)/चीला विद्युत गृह/2026-27.
कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम : चीला विद्युत गृह में कूलिगं वाटर स्टेनर्स एवं फिल्ट्रेशन प्लांट की फ्लैशिंग का कार्य।
अनुमानित लागत: ₹ 19,95,243/-(जी.एस.टी. अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 01.06.2026 को 16.00 बजे से
वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 21.06.2026 को 11.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट http://ujvnl.com" देखें।

अधिशासी अभियंता (उ0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति**
कार्यालय, प्रथम तल, चारधाम यात्रा टांजिट कैम्प, नियर बस अड्डा, ऋषिकेश, देहरादून, 249201,
Email:ceo.bktcddn@gmail.com/www.badrinath-kedamath.gov.in

पत्रांक-249/प्रति०/2025-26 दिनांक 31.05.2026

**विज्ञप्ति**

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति में रिक्त प्रचार अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप, अहर्ताओं तथा अनुभव इत्यादि के सम्बन्ध में विवरण/जानकारी विभागीय वेबसाईट www.badrinath-kedarnath.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 12 जून, 2026 सांय 5.00 बजे तक होगी। उक्त प्रक्रिया को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

**मुख्य कार्याधिकारी**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय सिंचाई खण्ड, केदारनाथ ( अगस्त्यमुनि )**

पत्रांक- 94/स०अ०-द्वितीय/सिं०ख० के० (अ०)/ निविदा/ दिनांक 30/05/2028

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं0- 01/स0अ0द्वितीय/2020-2027**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मोहरबन्द निविदायें दिनांक 12.06.2026 को 03:00 बजे सांय तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 3:30 बजे सांय सहायक अभियन्ता, उपखण्ड-द्वितीय, सिंचाई खण्ड केदारनाथ (अगस्त्यमुनि) कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा, उपस्थित निविदा दाताओं / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला योजना के अन्तर्गत जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड ऊखीमठ के ग्राम गैड बस्टी मोटर मार्ग पर शहीद मोहन लाल प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 06 माह | डी एवं उच्चतर | 500+ 18.00% GST |

**नोट**- निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड से या कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा दिनांक 12.06.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे सिंचाई खण्ड केदारनाथ (अगस्त्यमुनि) में उपस्थित निविदाताओं के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अन्य शर्तो निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक अभियन्ता द्वितीय**
**सिंचाई खण्ड केदारनाथ, अगस्त्यमुनि**

# जनसुनवाई में आई 65 शिकायतें, 32 का मौके पर निस्तारण

## सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करे संबंधित अधिकारी : डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 65 शिकायते दर्ज कराई गई, जिसमें से 32 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, अतिक्रमण, जल भराव, पेयजल, राशन कार्ड आदि से संबंधित समस्या दर्ज कराई गई।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए, शिथिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सीएम हेल्प लाइन में जो भी शिकायते दर्ज की जा रही है,उनको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ निरंकरण करना सुनिश्चित करे,उन्होंने निर्देश दिए है कि 36 दिन से अधिक जो भी शिकायते लंबित है उनका निराकरण तत्परता से करना सुनिश्चित करे। जिसमें एल 1 पर 583 शिकायतें तथा एल 2 पर 171 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित है,जिन्हें शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए साथ ही शिकायतकर्ता से सिस्टम के माध्यम से फोन पर वार्ता करे। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया है कि कई विभागों द्वारा 36 दिन से शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है,उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द समस्याओं का निरंकारण करना सुनाश्चित करे,इसने किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी है कि लंबित शिकायतों का निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करे। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी डॉ लालित नारायण मिश्र,अपर जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार,उपजिलाधिकारी मुख्यालय/सिटी मजिस्ट्रेट हर गिरी,उप जिलाधिकारी हरिद्वार योगेश मेहरा,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल वर्मा,जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह,सहायक श्रम आयुक्त प्रशांत कुमार, उप नगर आयुक्त ,दीपक गोस्वामीस्वजल नोडल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी,परियोजना अधिकारी उरेडा युद्धवीर सिंह बिष्ट,जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।




# शांतिकुंज के पास यात्रियों से भरी बस पलटी राजस्थान की महिला की मौत व 25 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सप्तऋषि क्षेत्र में शांतिकुंज के पास हाईवे पर यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में राजस्थान की एक महिला यात्री की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के दौरान सामने से आ रहा एक डंपर भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ढाबे में जा घुसा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, राजस्थान से आए श्रद्धालुओं का एक दल गंगा स्नान करने के बाद वापस लौटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान शांतिकुंज के पास हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी बस को बैक किया जा रहा था कि अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क पर ही पलट गई। बस को पलटता देख सामने से आ रहे एक डंपर चालक ने टक्कर से बचने की कोशिश की, लेकिन उसका वाहन भी बेकाबू होकर सड़क किनारे बने ढाबे में जा घुसा। इस दौरान वहां खड़ी एक बोलेरो गाड़ी भी डंपर की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। यात्रियों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने 50 वर्षीय पुष्पा कंवर (पत्नी भंवर सिंह, निवासी नागौर, राजस्थान) को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एसपी सिटी अजय सिंह ने बताया कि आपदा परिचालन केंद्र से दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। बस में कुल 45 यात्री सवार थे, जिनमें से 26 लोग घायल हुए हैं। हादसे के सही कारणों की जांच कराई जा रही है। उधर, शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाने की कार्रवाई की गई है ताकि यातायात सामान्य रूप से चल सके। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि बस को बैक करते समय संतुलन बिगड़ने की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी व सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार, वीडियो हुआ था वायरल

**हरिद्वार।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। रोशनाबाद के केशव नगर निवासी और मंडल अध्यक्ष बिंदर पाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा व्यक्ति खुद को रोशनाबाद निवासी अतीक अहमद बता रहा है। आरोप है कि अतीक अहमद वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ बेहद अभद्र और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी अतीक अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में उसका चालान कर दिया गया है।

### नसीरपुर खुर्द में बुजुर्ग को धमकी, अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पथरी।** थाना क्षेत्र के नसीरपुर खुर्द गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कुछ लोगों पर घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नसीरपुर खुर्द निवासी कपिल महेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने पैतृक मकान में अकेले रहते हैं। आरोप है कि 30 और 31 मई की रात लगभग 1 बजे कुछ लोग उनके घर पहुंचे और उनके तथा उनके नौकर ऋषिपाल के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित के मुताबिक घटना के दौरान उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन डर के कारण घर का दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद आरोपित मकान के पीछे की ओर से भाग गए। कपिल महेंद्र ने बताया कि वह वरिष्ठ नागरिक हैं और घर में अकेले रहते हैं। इस घटना से वह भयभीत हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में जाँच शुरू कर दी है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया एक बुजुर्ग व्यक्ति के घर अज्ञात लोगों ने गालीगलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर के निर्देश पर उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील करते हुए दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान मुस्तकीम पुत्र हबीब निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वाद संख्या 2208/24 में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मामला विचाराधीन है, जिसके संबंध में न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने और जेवर-पैसे हड़पने के मामले में 5 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में उसके पिता ने पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपियों द्वारा लगातार दी जा रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजनौर के नगीना निवासी आलोक जैन ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पूजा गुप्ता की शादी साल 2011 में भूपतवाला निवासी शरद गुप्ता के साथ हुई थी। आरोप है कि भूपतवाला निवासी अजय गोस्वामी और काजल ने उनकी बेटी को कमेटी डालने के लिए तैयार किया। इस दौरान आरोपियों ने पूजा के करीब 15 लाख के सोने के जेवर अपने पास रख लिए। इसके बाद ज्योति उपाध्याय, भटूरे और मीनाक्षी उपाध्याय के साथ मिलकर कमेटी के नाम पर करीब 30 लाख हड़प लिए। जब पूजा ने अपने पैसे और जेवर वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 19 मई को पूजा को अजय गोस्वामी के घर बुलाकर मारपीट भी की गई थी, जिसकी शिकायत सप्तऋषि चौकी में की गई थी। इसके बाद 21 मई को भी उसे लगातार धमकियां दी गईं। परेशान होकर पूजा ने अपनी आपबीती मोबाइल में रिकॉर्ड की और जहरीला पदार्थ खा लिया। 22 मई को अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ प्रताड़ना, धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# तमंचे के बल पर हुई लूट का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

## लूटी गयी स्कूटी, तमंचा, कारतूस, चाकू, आधर कार्ड, पैन कार्ड व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** तमंचे के बल पर हुई लूट के मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली रानीपुर पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से पीड़ित का आधार कार्ड, पैन कार्ड, लूटी गयी स्कूटी, तमंचा, कारतूस, चाकू और दो हजार रूपए बरामद किए गए हैं। रानीपुर कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि 23 मई की रात स्कूटी सवार चार युवक सिडकुल से घर लौट रहे ब्रज विहार निवासी सौरभ सती को चिन्मय डिग्री कालेज के पास रोककर तमंचे के बल पर उसकी स्कूटी, मोबाइल, पर्स व पांच हजार रूपए की नकदी लूटकर फरार हो गए थे। पीडित की शिकायत पर मुकद्मा दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और सीआईयू टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम की जांच पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि आरोपियों ने वारदात के पहले और वारदात के दौरान गली मौहल्लों के रास्तों का इस्तेमाल किया था। जिससे उनके स्थानीय होने की संभावना को देखते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 31 मई की रात मिली सूचना पर पुलिस ने रेगुलेटर पुल के पास से चार संदिग्ध युवकों कार्तिक सैनी पुत्र कमल सैनी निवासी ऋषिकुल नगर कोतवाली, शिवांश उर्फ विलन पुत्र जगदीश निवासी वेद सिटी अहमदपुर ग्रंट थाना बहादराबाद, लक्की पुत्र रमेशचंद्र निवासी सिया कालोनी राजा गार्डन थाना कनखल एवं वंश चंचल पुत्र बिट्टू चंचल निवासी राजू नगर बस अड्डा कोतवाली नगर को स्कूटी के साथ दबोच लिया। स्कूटी की नंबर प्लेट संदिग्ध लगने पर जब इंजन और चेसिस नंबर चौक किया गया तो पता चला कि वह लूटी गई स्कूटी है। जिसे फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। तलाशी लेने पर युवकों के कब्जे से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, पीड़ित का पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक देशी तमंचा, 1 जिन्दा कारतूस व एक चाकू बरामद किया। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए युवक पुनः वारदात अंजाम देने की मंशा से निकले थे। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी, गैस प्लांट चौकी प्रभारी एसआई चरण सिंह, एसआई अंशुल अग्रवाल, कांस्टेबल विवेक गुसांई, प्रेमसिंह दानू, हरीश राणा, उदय चौहान, नवीन क्षेत्री तथा सीआईयू प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट, का. वसीम, हरवीर, दीप गौड़, नरेन्द्र, उमेश शामिल रहे।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज हरिद्वार के 13 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 किया क्वालिफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज हरिद्वार के 13 छात्रों ने जेईई 2026 क्वालिफाई किया है। सोमवार को घोषित किए गए परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के मैनेजर मनोहर कुमार, एकेडमिक हेड हेमंत कुमार ने बताया कि आयुष बर्दिया ने 198 अंकों के साथ 1423, एकाग्र जैन ने 150 अंकों के साथ 5752, भव्य अग्रवाल ने 136 अंकों के साथ 8817, कार्तिक गुप्ता ने 15521, अद्रिजा साह 16151, नवनीत ध्यानी 16365, आद्या अग्रवाल 17018, नित्यंत गुप्ता 18457, इंद्रनील गांगुली 18704, कनिष्क गर्ग 23252, अनुभव नेगी 24343, देवांश नेगी 28144 और इशिता गुप्ता 29683 अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। इंस्टीट्यूट के शिक्षकों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्रों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एकेडमिक हेड हेमंत कुमार ने बताया कि जेईई एडवांड देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा क्वालीफाई करने वाले सभी छात्र आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे। छात्रों की कामयाबी उनकी अटूट लगन, अनुशासित तैयारी और आगे बढ़ने की मजबूत चाहत का नतीजा है। छात्रों ने आकाश इंस्टीट्यूट का आभार जताते हुए कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन, एकेडमिक मदद, मेंटरशिप, स्टडी मटीरियल, क्लासरूम सेशन, मॉक टेस्ट और रेगुलर असेसमेंट ने कॉन्सेप्ट को मजबूत करने और परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने में मदद की। छात्रों ने कहा कि शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग के बिना यह कामयाबी मुमकिन नहीं थी।



# शिवालिकनगर में जनसमस्याओं पर सांसद प्रतिनिधि का फूटा गुस्सा, ईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** शिवालिकनगर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 और 13 में लंबे समय से लंबित जनसमस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि अतुल वशिष्ठ ने नगरपालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई। सोमवार को उन्होंने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) तारिक खान से मुलाकात कर जनहित से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। अतुल वशिष्ठ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की अंत्योदय एवं जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन वार्डों में सफाई, जल निकासी और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से मानसून से पहले ही कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन रही है, जबकि खराब और अनुपस्थित स्ट्रीट लाइटों के कारण लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। सांसद प्रतिनिधि ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं अधिशासी अधिकारी तारिक खान ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वार्ड 12 और 13 में विशेष टीम भेजकर समस्याओं का सर्वे कराया जाएगा तथा सफाई, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि की सक्रियता के बाद अब क्षेत्रवासियों की निगाहें नगरपालिका प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# आशिहारा के खिलाड़ियों ने हासिल किए 3 गोल्ड सहित 11 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड राज्य पंचक स्लॉट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरिद्वार के आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 ब्राउंज मेडल हासिल किए हैं। आशिहारा के स्टेट सचिव अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 29 और 30 मई को आयोजित की गयी राज्य पंचक स्लॉट चैंपियशनशिप में 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें सानवी पंत, आरुष, और भावेश जोशी ने गोल्ड, सृष्टि सागर, रवनीत कौर और एश्वर्य शर्मा ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले का नाम इस प्रकार है श्रेयस सिंह पटवार, दक्षित गुप्ता, मानव तिवारी यश सेठी व आयुष भावरा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किए। अमित कुमार चौधरी ने बताया कि खेल मंत्री रेखा आर्य ने सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पंचक स्लॉट के सचिव बाबू दिवाकर और निखिल भारती ने चैंपियनशिप के आयोजन में सहयोग किया। अमित कुमार चौधरी ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में कड़ी मेहनत और लगन से उच्च मुकाम पाया जा सकता है।



# स्वामी अरूण गिरी करेंगे 108 कुण्डीय महायज्ञ व 108 कन्याओं के विवाह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि विश्व में व्याप्त अशांति का वातावरण दूर हो, इसके लिए शीघ्र ही 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान 108 गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। आह्वान पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित यज्ञ के माध्यम से किसी भी संकट को दूर किया जा सकता है। यह में दी जानी आहुतियों से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा से मानवीय स्वभाव पर सकारात्मक प्रभाव होता है। वर्तमान में पूरे विश्व में अशांति का वातावरण बना हुआ है। जिससे पूरी मानव जाति संकट में है। अशांति के वातावरण को दूर करने के लिए बिहार के कैबिनेट मंत्री संजय सिंह एवं समाजसेवी राजा सुधीर सिंह के संयोजन में 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय परिवारों की सेवा करना उनके जीवन का उद्देश्य है। इसलिए यज्ञ के दौरान 108 गरीब असहाय परिवारों की कन्याओं का विवाह भी कराया जाएगा। गरीब और जरूरतमंदों की मदद करने से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। जिससे अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी क्षमता के अनुसार गरीब और जरूरतंद लोगों की मदद करनी चाहिए।



# ट्रैक्टर से खुले नाले में अपशिष्ट जल प्रवाहित करने के मामले में चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड जल संस्थान का नाम लिखे ट्रैक्टर से खुले नाले में अपशिष्ट जल प्रवाहित करने के मामले में उत्तराखंड जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता द्वारा दर्ज कराए गए मुकद्मे में कार्रवाई करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही ट्रैक्टर को भी सीज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 30 मई को उत्तराखंड जल संस्थान कार्यालय जोन-प्रथम भूपतवाला के अपर सहायक अभियंता नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रैक्टर-सेक्शन मशीन पर विभाग का नाम अंकित कर अपशिष्ट जल को खुले नाले में प्रवाहित जाने का आरोप लगाते हुए मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद सप्तऋषि चौकी प्रभारी एसआई विक्रम सिंह बिष्ट ने पुलिस टीम के साथ जांच पड़ताल करने के बाद संबंधित ट्रैक्टर को चिन्हित करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चालक लाल सिंह पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम ब्रह्मपुर थाना कोतवाली रुड़की ने बताया कि ट्रैक्टर के स्वामी स्वर्गीय सोनू पुत्र रमेश कुमार निवासी ग्राम ब्रह्मपुर थाना सिविल लाइन रुड़की, जनपद हरिद्वार थे, जो रिश्ते में उसके भांजे लगते थे। बताया कि उक्त ट्रैक्टर पूर्व में शिवालिक नगर स्थित जल संस्थान में कार्यरत था। जिसके कारण उस पर उत्तराखंड जल संस्थान अंकित कराया गया था। ट्रैक्टर स्वामी की मृत्यु के बाद भी यह नाम नहीं हटाया गया और उसी नाम का उपयोग कर वह ठेके पर अपशिष्ट जल का परिवहन कर खुले नालों में प्रवाहित करता था।



**आवश्यकता है**
**SCHOLAR'S HOME INTERNATIONAL SCHOOL**
**लक्सर, हरिद्वार**

**रिक्त पद :-**
वेलनेस टीचर (Wellness Teacher) - 01 पद
विशेष शिक्षक (Special Educator) - 01 पद

इच्छुक अभ्यर्थी अपना नवीनतम बायोडाटा (CV) एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की प्रतियों सहित नीचे दिए गए ईमेल पते पर आवेदन भेजें।
**scholarshomelaksar@gmail-com**
केवल चयनित (Shortlisted) अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

**सूचना बेदखली संबंध विच्छेद**

मेरा छोटा पुत्र गौरव और उसकी पत्नी मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए में अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन एवं गलत कृत्यों का वह खुद जिम्मेदार होगें। जिसमें मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। दिलारी पत्नी स्व० महेंद्र सिंह निवासी गांव धारीवाला बाणगंगा 2 पोस्ट शीतलाखेड़ा परगना व तहसील ज्वालापुर (हरिद्वार)

# कांवड़ यात्री को गोली मारने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, मामूली बात पर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास मामूली कहासुनी के बाद बाइक सवार युवकों ने एक कांवड़ यात्री को गोली मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कनखल थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर घटना में शामिल चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि रविवार मध्य रात्रि को डायल-112 के जरिए सूचना मिली कि गुरुकुल कांगड़ी के पास एक कांवड़ यात्री को गोली मार दी गई है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा से जल लेकर लौट रहे चार कांवड़ यात्रियों की वहां 6-7 बाइक सवार युवकों से कहासुनी और टिप्पणी को लेकर बहस हो गई थी। इसी विवाद के दौरान बाइक सवार युवकों ने जिला पानीपत हरियाणा निवासी कांवड़ यात्री अजय पुत्र नरेश को गोली मार दी। घायल कांवड़ यात्री को तुरंत साथियों और पुलिस की मदद से भूमानंद अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने शांतिपुरम कॉलोनी, जगजीतपुर कनखल निवासी शिवराज (20 वर्ष) को घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीन अन्य फरार आरोपियों आदित्य कुमार (20 वर्ष), हेमंत कुमार (22 वर्ष) और वंश गुप्ता को भी हिरासत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर लगातार दबिश दी जा रही है।




**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः-3702/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 01.06.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, आर्य नगर पर अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित उपसंस्थान से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, आर्यनगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त पोषक । | 03.06.2026 /बुधवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक | आर्य नगर, नन्दपुरी, शारदा नगर, रेलवे फाटक रोड तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता । |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

**अधिशासी अभियन्ता**

''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# लाखामंडल स्वास्थ्य शिविर में 600 लोगों का हुआ उपचार

**आशा हॉस्पिटल हरबर्टपुर की पहल से ग्रामीणों को मिला घर के पास इलाज का लाभ, जोशी हुए शामिल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता/सहिया।** तहसील चकराता के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, लाखामंडल में आज आशा हॉस्पिटल, पावटा रोड हरबर्टपुर, देहरादून द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में क्षेत्र के लगभग 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर जैसी सामान्य जांचें की गई और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

कैंप का आयोजन उन ग्रामीणों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हुआ, जो विभिन्न कारणों से देहरादून या विकासनगर जैसे शहरों तक इलाज के लिए नहीं पहुंच पाते। उन्हें अब अपने गांव के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हुईं।

शिविर में आशा हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने उपस्थित लोगों को जानकारी दी कि हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड धारकों को निशुल्क ऑपरेशन सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम में विशेष सहयोग इंटर कॉलेज लाखामंडल के प्रधानाचार्य केंन्द्र सिंह अशवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं सामा. जिक कार्यकर्ता बचना शर्मा, ओम प्रकाश (युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी, लाखामंडल) का रहा। शिविर में लाखामंडल चौकी इंचार्ज नवीन सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र गॉड, कांस्टेबल जोगिंदर, कांस्टेबल सुरेश ने भी सहभागिता निभाई।

स्वास्थ्य सेवाओं में डॉ. शिवानी सैनी, डॉ. शैलेंद्र तिवारी, फार्मासिस्ट विपिन शर्मा, नर्सिंग स्टाफ अक्षीमा, रुचि, वीरेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा। ग्राम प्रधान सोनिया भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# थाना हिंडोलाखाल में ग्राम प्रहरियों व पुलिस कर्मियों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मानसून एवं संभावित प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को थाना छाम परिसर में एसडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं राहत-बचाव कार्यों से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ विशेषज्ञों ने भूस्खलन, सड़क दुर्घटना, बाढ़, बादल फटना एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई, खोज एवं बचाव तकनीकों तथा जनसुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में थाना छाम का समस्त पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के 74 ग्राम प्रहरी उपस्थित रहे। एसडीआरएफ टीम द्वारा प्रतिभागियों को आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं थाना हिंडोलाखाल परिसर में भी ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित कर उन्हें आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान ग्राम प्रहरियों की उपस्थिति दर्ज करते हुए उन्हें विभिन्न आपदा प्रबंधन उपकरणों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया तथा दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में प्रारंभिक राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया।

## रिसॉर्ट की घटना में आया नया मोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बदामावाला क्षेत्र में बीती 14 मार्च होली वाले दिन एक रिसॉर्ट की घटना में अब नया मोड़ सामने आया है, जिसमें रिसोर्ट के असली मालिक चमन सिंह नेगी ने हाईकोर्ट में विचाराधीन मामले में खुद को पक्षकार बनाए जाने की गुहार लगाई है। दरअसल आपको बता दें कि बीती 14 मार्च होली वाले दिन दो पक्षों में हुए विवाद के बाद बादामावाला के आनंद वाटिका रिसोर्ट में आगजनी हुई थी, जिसमें रखें गैस सिलेंडर ब्लास्ट के बाद रिसोर्ट में बने हट्र्स सहित वहां के रेस्टोरेंट में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया था। जिसके चलते रिसोर्ट संचालक राहुल सेठिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कोतवाली विकासनगर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हालांकि हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई। वहीं दूसरी ओर हाल ही में यह बात भी सामने आई कि दोनों पक्षों में समझौता भी हुआ और रिसोर्ट संचालक ने अपना मुकदमा वापस लेने की कोशिश की।

जिसके चलते आज इस मामले में उस वक्त नया मोड़ सामने आया जब रिसोर्ट के असली मालिक चमन सिंह नेगी ने मीडिया के सामने आकर उन्हें इस मामले में पक्षकार बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं, लेकिन अभी तक भी उनके बयान दर्ज नहीं किए गए। कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहते हैं और जरूरत पड़ी तो वह मुख्यमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे और मामले को लेकर कोर्ट तक जायेंगे।

# एनजीए की सिटी टॉपर इशिता को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** निर्मल ज्ञान दान अकादमी (एनजीए) ऋषिकेश में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षा, संस्कार एवं उत्कृष्टता के अद्भुत संगम का दिखा। मेधावी विद्यार्थियों को शॉल, पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिह्न व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को खैरीकलां स्थित एनजीए में आयोजित समारोह का शुभारंभ मधुर शबद-कीर्तन से। महंत बाबा राम सिंह महाराज के आशीर्वाद एवं संत बाबा जोध सिंह महाराज ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने एनजीए की 12वीं की छात्रा इशिता सिंह के ऋषिकेश में टॉप करने पर 80 हजार रूपये और शॉल व फूल देकर सम्मान किया। इसी कक्षा में 98.2 प्रतिशत से दूसरे स्थान पर रही श्वेता यादव को 65 हजार रूपये सम्मान स्वरूप दिए गए। 96.8 प्रतिशत अंक से तृतीय रही प्रीतिका को भी 55 हजार रूपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा 10 के मेधावी आराध्या थपलिया, नैतिक डबराल और पीयूष झा को भी नवाजा गया। समारोह में महंत बाबा राम सिंह महराज और संत बाबा जोध सिंह महाराज ने होनहार विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग आदि मौजूद रहे।



**■ महंत बाबा राम सिंह महाराज व संत बाबा जोध सिंह महाराज ने नकद पुस्कार देकर नवाजा, अकादमी की अन्य मेधावियों को भी सम्मानित कर दिया उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद**

## एक नजर .......

### डीजे संगठन में एकता बनाए रखने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** हरबर्टपुर स्थित एक फार्म में आयोजित बैठक में डीजे की टाइमिंग और रेट को लेकर साथ ही डीजे संगठन मैं एकता बनाए रखने की बात रखी गई और साथ ही कुछ सदस्य को पद नियुक्त किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष सागर कश्यप, सचिव विशाल वर्मा, महासचिव दीपक राणा, कोषाध्यक्ष विजय राठौर, सदस्य गौतम, विपिन, शुभम, मीडिया प्रभारी सतीश चौहान शामिल थे। इस मौके पर राजा डीजे, वीर चौहान डीजे, हरसू डीजे, एसके डीजे, अंकित डीजे आदि शामिल रहे।

### अहिल्याबाई की जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**विकासनगर।** प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत व पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की 300वी जयंति के समापन के अवसर पर सहसपुर विधानसभा के भाऊवाला-माण्डूवाला में राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार भुवन विक्रम डबराल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. धीरज जोशी, जिला महामंत्री अमित डबराल, रजनीश शर्मा, विकास रमोला, सुमन रतूड़ी, संजय, यशपाल नेगी, नवीन रमोला, धर्मेन्द्र डबराल, नीलकंठ भट्ट, आनंद रमोला, मंजीत मेहता, आर्यन प्रधान, सुमित वर्मा, अंकित शर्मा, सन्नी शर्मा, विंग कमांडर गांगुली, बब्बल, महाराज भगवती, वन विभाग के अधिकारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विकासनगर व सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**विकासनगर/सहसपुर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस ने ढकरानी, गोल घर, पोंटा रोड, कोर्ट रोड, भीमावाला में चलाया किरायेदार व बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाकर लगभग 300 व्यक्तियों का किया सत्यापन। पुलिस ने 7 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपये 70000 रूपये का जुर्माना न्यायालय अध्यारोपित किया तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 रूपये नगद वसूले। वही थाना सहसपुर पुलिस द्वारा रामपुर शंकरपुर चोई बस्ती धर्मावाला सभावाला सिंहनीवाला क्षेत्र में चलाया सत्यापन अभियान चलाकर 230 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 22 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपय 220000 रूपये का जुर्माना अध्यारोपित किया तथा 15 चालान पुलिस अधिनियम में कर 3750 नगद वसूले गए।

### राज्याभिषेक के साथ भव्य रामलीला का समापन

**नई टिहरी।** सन 1952 से निरंतर आयोजित हो रही नई टिहरी की ऐतिहासिक रामलीला का अंतिम दिवस भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने एवं उनके राज्याभिषेक के भव्य मंचन के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिवस की लीला ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान एक अत्यंत मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम भरत से कहते हैं कि हम वानरराज हनुमान के उपकारों से कभी उऋण नहीं हो सकते। यह प्रसंग राम और हनुमान के अटूट प्रेम, समर्पण एवं भक्ति का प्रतीक है। इसके पश्चात श्रीराम हनुमान जी को आशीर्वाद देते हुए कहते हैं कि इस जगत में जब-जब उनका नाम लिया जाएगा, हनुमान जी का नाम भी उनके साथ श्रद्धापूर्वक लिया जाएगा। इस भावुक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा राम एवं हनुमान के पात्रों के सशक्त अभिनय की दर्शकों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर समिति के संयोजक डॉ. राकेश भूषण गोदियाल, संरक्षक मोहन सिंह रावत (अध्यक्ष नगर पालिका), कमल सिंह महर, महावीर उनियाल, देशभूषण जोशी, महासचिव अमित पंत, मनोज शाह, त्रिलोक चंद्र रमोला, राजेन्द्र असवाल, राकेश मोहन भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश लांबा, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, मनोज राय, सुषमा उनियाल, रचना उनियाल, जशोदा नेगी, सभासद उर्मिला राणा, निर्देशक अनुराग पंत, सचिव गंगा भगत नेगी, नन्दू बाल्मीकि, सीताराम भट्ट, भवानी भाई, अनुसुया नौटियाल, सीमा पंत, हरीश गिरी, अनुज पंत, हरीश घिल्डियाल, जयेंद्र पांडे, शिवम गिरी, मनीष पंत, अंकित पांडे, अंजलि गिरी, अंजलि विश्वकर्मा, परिधि पंत, शंकर सैनी, अनिका पंत, कल्पना पांडे, ममता पंत, गबर तथा सूरज गिरी सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं, 60 शिकायतों पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। इस अवसर पर कुल 60 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जो पेयजल, पुनर्वास, मुआवजा, पेंशन सहित अन्य विषयों से संबंधित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेंशन प्रकरण गंभीरता से ले, इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम व पो.ओ. रंगड़ गांव, तहसील धनोल्टी के सौंग बांध प्रभावित एवम विस्थापित विकास समिति के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, सचिव बलबीर सिंह सहित सभी पद्धाधिकारियों द्वारा सौंग बाँध परियोजना के प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को पूर्ण मुआवजा, पुनर्वास एवं अन्य देय लाभ प्रदान किए जाने की मांग की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का निदान का आश्वा. सन तथा सम्बन्धितों को आवश्यक करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद चम्बा सभासद शक्ति प्रसाद जोशी द्वारा चम्बा में पुरानी टिहरी रोड़, ऋषिकेश रोड़ व धरासू रोड़ की जीर्ण - शीर्ण दशा को ठीक कराये जाने की मांग पर एनएच व बीआरओ को आवश्यक कार्यवाही करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्बा के मुख्य गेट के समीप व शिव मन्दिर मोड़, ब्लाक रोड़ से मसूरी रोड़ को जोड़ने वाले मोड़ पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा इण्टरलॉक टाइल पैंच न लगावाये जाने व सड़क की स्थिति बहुत ही खराब होने के शिकायत पर लोनिवि चम्बा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सभी घरों को जेजेएम के तहत कनेक्शन दिलाए जाने की मांग पर ईई जल निगम चम्बा को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तहसील कण्डीसौड़ के ग्राम रत्नौगाढ निवा. सिनी कौशा देवी का मकान, दुकान आलवेदर रोड़ में अधिग्रहण हो जाने के बाद अभी तक मुआवजा न मिलने के शिकायत पर बीआरओ, एसएलएओ को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत बागी की सदस्य दर्शनी रावत द्वारा रानीचौरी - नकोट मोटर मार्ग निर्माण से बादशाहीथौल - रानीचौरी पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर लोनिवि चरबा को तत्काल पैदल मार्ग ठीक करवाने, जिला पंचायत क्षेत्र बागी वार्ड-18 के अन्तर्गत भैतोंगी सेरा से बौराडी तक पड़ने वाली राइजिंग लाइन कई जगह से रास्तों में खुले में दिखाई दे रही है जिससे सम्बन्धित क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पशुओं को खेतों में आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिस पर सम्बधित विभागों को समयान्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनता दरबार में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, एडीएम शैलेंद्र नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश मेहता, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सार्थक योगशाला में योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**कोटद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सार्थक योगशाला द्वारा स्वास्थ्य, फिटनेस, योगासन, स्पोर्ट्स एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष योग शिविर का शुभारंभ 1 जून को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल एवं मनीराम शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों एवं योग साधकों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों के साथ योगा. सन अभ्यास भी किया और योगासन स्पोर्ट्स के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। सार्थक योगशाला द्वारा संचालित यह योग शि. विर बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ फिट इंडिया एवं स्वस्थ भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

# विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में अंतर्राष्ट्रीय महावारी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** बाल विकास परियोजना दुगड्डा के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में अंतर्राष्ट्रीय महावारी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसके अंतर्गत बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित विस्तृत जानकारी देने के साथ उनके स्वास्थ्य, पर्सनल हाइजीन एवं पोषण पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की और से एएनएम द्वारा आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरण की गयी। कार्यक्रम में 76 किशोरी बालिकाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन पैकेट वितरण किए गए।बाल विकास विभाग की और से बालिकाओं को नंदा गौरा योजना के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर युवाओं के बीच पहुंचे आरटीओ

**■ बीजीयू में बांटे हेलमेट और फर्स्ट एड किट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोटद्वार स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ हेलमेट एवं फर्स्ट एड किट का वितरण भी किया गया।

कार्यशाला का संचालन आरटीओ विमल पाण्डेय ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणामों तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का विषय नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में दुर्घटनाओं के दौरान अपनायी जाने वाली त्वरित प्रतिक्रिया तथा गोल्डन ऑवर के महत्व पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा घायल व्यक्ति का जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान प्राथमिक उपचार, आपातकालीन सेवाओं से संपर्क और दुर्घटना पीड़ितों की सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक अंशुल बिष्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर न केवल स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि समाज में भी जागरुकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को हेलमेट एवं फर्स्ट एड किट वितरित किए गए। वक्ताओं ने हेलमेट को सड़क दुर्घटनाओं में सिर को गंभीर चोटों से बचाने वाला सबसे प्रभावी सुरक्षा उपकरण बताते हुए इसके नियमित उपयोग पर विशेष बल दिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति समाज को जागरुक करने का संकल्प लिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं महाविद्यालय प्रशासन के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एसएसपी श्वेता चौबे ने कोतवाली कैंपटी का औचक निरीक्षण कर मसूरी बैंड से नैनबाग-डामटा चारधाम यात्रा मार्गों का किया व्यापक निरीक्षण, चौकी नैनबाग की नवआवंटित भूमि का भी लिया जायजा, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश।

चारधाम यात्रा-2026 एवं पर्यटन सीजन के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा आज कोतवाली कैंपटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने मसूरी बैंड से नैनबाग-डामटा चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पुलिस सहायता केंद्रों, पार्किंग स्थलों तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही। सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चौकी नैनबाग हेतु आवंटित भूमि का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोतवाली कैंपटी के औचक निरीक्षण के दौरान एसएसपी महोदया ने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यों, महिला हेल्प डेस्क, शिकायत पंजि. का, आपदा एवं यात्रा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों एवं कार्यालयीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, जनसुनवाई की गुणवत्ता तथा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता के साथ संवे. दनशील एवं मित्रवत व्यवहार करते हुए प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। यात्रा मार्गों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों, पुलिस सहायता केंद्रों, ड्यूटी प्वाइंटों तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड की आस्था, संस्कृति एवं पर्यटन से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सुविधा एवं यात्रा को सुगम बनाना टिहरी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर यातायात को निर्बाध एवं सुचारु बनाए रखने हेतु प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। संभावित जाम वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु एवं पर्यटक को पुलिस की उपस्थिति, सहयोग एवं सुरक्षा का सकारात्मक अनुभव होना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी संवे. दनशीलता, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त एसएसपी महोदया द्वारा कोतवाली कैंपटी क्षेत्रान्तर्गत चौकी नैनबाग हेतु नवआवंटित भूमि का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि की वर्तमान स्थिति, सीमांकन, आधारभूत सुविधाओं एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल

# कोटद्वार में होगी निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने तथा जनपद के उद्यमियों को निर्यात के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा आगामी 03 जून को एक दिवसीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, व्यवसायी, स्टार्टअप संच. ालक एवं उद्योग क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारक प्रतिभाग करेंगे।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को निर्यात से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इसमें निर्यात के अवसर, निर्यात नीतियां, उत्पादों की अंत. रराष्ट्रीय बाजारों में संभावनाएं, आवश्यक दस्तावेजीकरण, गुणवत्ता मानक, वित्तीय सहायता योजनाएं तथा सरकारी प्रोत्साहन कार्यक्रमों की जानकारी शामिल होगी। महाप्रबंधक उद्योग सोमनाथ गर्ग ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों एवं उद्यमियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना तथा उन्हें निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराना है।

इससे स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे उत्पादों को नए बाजार मिलेंगे, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने जनपद के सभी इच्छुक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों तथा व्यवसायियों से इस कार्यशाला में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। यह कार्यशाला वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या

## हिन्दुस्तानी ऑर्केस्ट्रा रहा विशेष आकर्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या रंगारंग प्रस्तुतियोंए मधुर संगीत और विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रतिभा से सराबोर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भावपूर्ण प्रार्थना नृत्य से हुआ। विद्यार्थियों ने संगीत और मनोहारी भाव भंगिमाओं के माध्यम से ईश्वर के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और आस्था का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट साउदी की कविता द कैटरैट ऑफ लॉडोर की समूह काव्य प्रस्तुति दी। संगीतमय प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विद्यालय के हिन्दुस्तानी गान दल ने भारतीय संगीत जगत की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके लोकप्रिय गीतों की मनमो. हक प्रस्तुति दी। छात्राओं ने भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न हिंदुस्तानी नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी दीं। इसके बाद अंग्रेजी गान दल ने सामूहिक संगीत की सुंदरता और एकता की भावना को दर्शाती मधुर प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण हिन्दुस्तानी ऑर्केस्ट्रा रहा। इसके उपरान्त वायलिन वादन की प्रस्तुति ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण डिज्नी मूवी द लायन किंग का नाट्य रूपांतरण रहा। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय कौशल, संवाद अदायगी और मंचीय अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान आगरा डायसेस चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के सेक्रेटरी व शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य व ऑल सेंट्स कालेज की गवर्निंग बॉडी के सदस्य अमनदीप संधू, बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ए के शर्मा व आशा शर्मा, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी, छात्राओं के अभिभावकों समेत कई गणमान्य व्यक्ति और विद्यालय के शुभचिंतक उपस्थित रहे। ऑल सेंट्स कालेज की प्रधानाचार्या एंजिना रिचर्ड्स ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए सभी शिक्षकों व कर्मचारियों समेत उपस्थित सभी दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शिक्षिका नीमा उपाध्याय सहित छात्रा तनिष्का शाही, मलिया जोशी, प्रिशा चड्ढा, अर्पण कौर और गर्विता जोशी ने किया।

# चिल्ड्रन पार्क भी हुआ जलमग्न

## बारिश ने खोली जल निकासी की पोल, डीएसए मैदान भी हुआ था जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बारिश ने एक बार फिर नगर की जल निकासी व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी है। बीते दिन बारिश के दौरान जहां डीएसए मैदान के जलमग्न होने के बाद उठे सवाल अभी थमे भी नहीं थे कि सोमवार सुबह मल्लीताल स्थित चिल्ड्रन पार्क में भी भारी जलभराव हो गया। इससे प्रशासन और नगर पालिका के दावों पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बता दें सोमवार की सुबह हुई तेज बारिश के बाद डीएसए मैदान व चिल्ड्रन पार्क के कई हिस्सों में पानी भर गया। बारिश रुकने के बाद पार्क में घूमने और झूले झूलने पहुंचे बच्चों व अभिभावकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि कुछ बच्चे पानी के बीच ही झूलों का आनंद लेते नजर आए लेकिन पार्क परिसर में भरे पानी ने सुरक्षा और रखरखाव को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि डीएसए मैदान और चिल्ड्रन पार्क दोनों ही स्थल नगर पालिका कार्यालय से महज लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में प्रशासनिक मुख्यालय के आसपास ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न होना व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। मामले में उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने कहा कि बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव की सूचना मिली है। संबंधित विभागों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया जा रहा है तथा जल निकासी की व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं।



## नैनी झील बारिश के साथ बहे कूड़े से हुई प्रदूषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मानसून से पूर्व ही तेज बारिश ने नैनीताल की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों से बहकर आया भारी मात्रा में कूड़ा तथा प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सीधे जीवनदायिनी नैनी झील में समा गया। झील के किनारों पर तैरती गंदगी न केवल प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल रही हैए बल्कि यह भी बता रही है कि झील को प्रदूषण से बचाने के दावे धरातल पर कितने कारगर हैं। मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने बताया कि बारिश के दौरान कुछ स्थानों से कूड़ा बहकर नैनी झील में पहुंचने की सूचना मिली है। संबंधित विभागों को तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि झील की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## तेज हवाएं: घर के पास विद्युत लाइन में गिरा देवदार का पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के बीच नगर के स्टाफ हाउस क्षेत्र में एक देवदार का पेड़ जड़ से टूटकर बिजली की लाइन को क्षतिग्रस्त करते हुए आंगन में गिर गया। संयोगवश पेड़ घर के गेट में फंस गया। यदि पेड़ सीधे नीचे की ओर गिरता तो घर के नीचे बना टीनशेड और आसपास की संपतियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। बता दें सोमवार की सुबह पेड़ गिरने से क्षेत्र की विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई जिससे आसपास के घरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। स्थानीय निवासी रश्मि आर्य ने बताया कि प्रभावित घर में दिव्यांग सदस्य सहित परिवार निवास करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई पुराने और खोखले हो चुके पेड़ लंबे समय से लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। इस संबंध में वन विभाग और जिला प्रशासन को कई बार प्रार्थना पत्र देकर ऐसे पेड़ों को हटाने तथा खतरा बने पेड़ों की लॉपिंग कराने की मांग की गईए लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। वहीं तल्लीताल में भी हवा से एक पेड़ टूटने से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि नैनीताल शहर में क्षतिग्रस्त लाइनें दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी है।

**नैनीताल में दिनभर जाम से लोग रहे परेशान**– पर्यटन सीजन के चलते सोमवार को नैनीताल की प्रमुख सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। तल्लीताल, माल रोड, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी रोड और भवाली मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोअर माल रोड पर चल रहे कार्य के कारण अपर माल रोड पर टू-वे यातायात और पैदल पर्यटकों की भीड़ से समस्या और बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने अव्यवस्थित पार्किंग को जाम का प्रमुख कारण बताया। एसपी डा. जगदीश चंद्र ने कहा कि बढ़ते वाहन दबाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और यातायात सुचारु रखने के प्रयास जारी हैं।

## एक नजर

### हेम चन्द्र आर्य ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य हेम चंद्र आर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के ग्राम हली शेरा में अधूरे पड़े नाले के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। शिष्टमंडल में पान सिंह, नंदन सिंह, नैन सिंह, इंदर सिंह बिष्ट समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

### सड़क किनारे पार्क वाहनों पर कसा शिकंजा

**नैनीताल।** नैनीताल में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने तल्लीताल सड़क किनारे वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 45 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। तल्लीताल क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के तहत सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से कुछ समय के लिए सड़कें अवरोध मुक्त नजर आईं और यातायात संचालन में सुधार हुआ लेकिन पुलिस के जाते ही लोगों ने फिर सड़कों के किनारे वाहन पार्क कर दिए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है ताकि शहर में जाम की समस्या को कम किया जा सके।

### कैरम: प्री.क्वार्टर व क्वार्टर फाइनल की जंग तेज

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा स्व. प्रताप सिंह मौनी अधिवक्ता की स्मृति में आयोजित कैरम प्रतियोगिता के छठे दिन यानी सोमवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। खास बात यह रही कि खुद जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने स्वयं मैच रेफरी की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के क्रीड़ा सचिव डीएस दानू ने बताया कि सिंगल्स वर्ग में मनीष कांडपाल, हंसराज सिजवाली और चंद्रप्रकाश ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री. क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है वहीं डबल्स वर्ग में राकेश सुयाल समेत संजय सुयाल व डीएस दानू व हंसराज सिजवाली की जोड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। बताया कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण की ओर बढ़ने के साथ खिलाडियों के बीच प्रतिस्पर्धा और रोमांच बढ़ता जा रहा है। प्रतियोगिता को देखने के लिए बार हॉल में अधिवक्ताओं और दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, उपसचिव नीरज गोस्वामी सहित कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त हरिद्वार को 8 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर निगम हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी अभी तक दो दर्जन से अधिक ठेकेदारों को नगर निगम हरिद्वार के द्वारा भुगतान नहीं करने को लेकर दायर करीब दो दर्जन याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। बता दें मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे इस संबंध में फिर से एक नया प्रयावेदन नगर आयुक्त हरिद्वार नगर निगम को दो सप्ताह के भीतर दें। कोर्ट ने नगर आयुक्त से कहा है कि वे इनके प्रत्यावेदन पर आठ सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लेकर उचित कार्यवाही करें। मामलों को सुनने के बाद कोर्ट ने सभी याचिकाएं निस्तारित कर दीं।

### याचिकाकर्ता अपना नया प्रयावेदन दें: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारियों के द्वारा पूर्व में दैनिक श्रमिक के रूप में की गयी सेवाओं को पेंशन तथा ग्रेच्युटी व अन्य लाभों के लिए विभाग के द्वारा न जोड़ने के खिलाफ दायर कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाओं को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे इस संबंध में अपना एक नया प्रयावेदन दो सप्ताह के भीतर संबन्धित अधिकारी को दें। संबन्धित अधिकारी उस प्रयावेदन पर दो माह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लेकर उचित आदेश पारित करें।

### अपहरण/हत्या मामले में आरोपी को जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक कथित अपहरण और हत्या के मामले में जेल में बंद आरोपी रमेश राम की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मामले के दो अन्य सह आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है इसलिए समानता के सिद्धांत के आधार पर भी आवे. दक जमानत का हकदार है। यह मामला पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग थाना (राजस्व क्षेत्र कालासिला) के अंतर्गत वर्ष 2025 में अपहरण व हत्या के गंभीर आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार सुनीता देवी नामक एक महिला के लापता होने के बाद टनकपुर (चंपावत) से एक शव बरामद हुआ था जिसे लापता महिला का मानकर जांच आगे बढ़ाई गई थी। आरोपी 11 दिसंबर 2025 से ही जेल में बंद था और उसके वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। अदालत में मामले का रुख तब पूरी तरह बदल गया जब वैज्ञानिक साक्ष्यों को सामने रखा गया। डीएनए की जांच रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि टनकपुर से बरामद हुआ शव किसी महिला का नहीं बल्कि एक पुरुष का था।

# ग्लोब बेकर्स एंड कैफे का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** माल रोड में ग्लोब बेकर्स एंड कैफे नाम से एक नया कैफे खुल गया है। उद्घाटन विधायक सरिता आर्या ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी तथा अध्यक्ष बाइक रेंटल संगठन संजय सिरोही व हीना टूर ओनर यूसुफ खान पंमी खान, नईम अहमद, जैन भाई, आरिश भाई, रबबानी इमरान, महेंद्र खाती, तारीख भाई, सुल्तान, कमल किशोर, भारत मेहरा, सोनू नेता तथा अन्य कई सामाजिक सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापारी का उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी के सौंदर्यीकरण व सड़क चौड़ीकरण पर सुनवाई 4 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में शहर के सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण के लिए निजी संपतियों को तोड़े जाने को लेकर दायर कई याचिक. ाओं पर एक साथ सुनवाई की। सभी याचिकाओं को खण्डपीठ ने एक साथ सुनवाई करते हुए पूर्व में दिए गए अंतरिम आदेश को अगली तिथि तक बढ़ा दिया। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। खण्डपीठ ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 4 जून की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी के ओके होटल व होटल हैप्पी होम सहित कई अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर कहा है कि हल्द्वानी मंगल पड़ाव से लेकर रोडवेज बस स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसकी जद आ रही निजी संपतियों धारकों को अल्प समय का नोटिस देकर उन्हें तोड़ने के आदेश जारी किए है जो नियमविरुद्ध है। उनका पक्ष सुनने का उचित समय तक उन्हें नहीं दिया जा रहा है। याचिकाओं में यह भी कहा है कि वे वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं, अब निगम व प्रशाशन उन्हें अतिक्रमण के नाम पर हटा रही है। उनको सुनवाई के मौका तक नहीं दिया गया। याचिकाओं में कोर्ट से प्रार्थना की है कि उनका पक्ष सुने बिना उन्हें नहीं हटाया जाए जबकि निगम की तरफ से कहा गया अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया है और उनका पक्ष सुनने के बाद ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है जबकि प्रशासन व निगम द्वारा रोड के चौड़ीकरण करने के लिए सरकारी भूमि पर बने दीवारों आवासों को हटाया गया है।

# जिले में राशन कार्डो का सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर इन दिनों नैनीताल जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में राशन कार्ड सत्यापन अभियान प्राथमिकता से चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा नैनीताल तहसील में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक को शहरी क्षेत्र में राशन कार्ड सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट को सहायक नोडल अधिकारी नामित करते हुए अधिशासी अधिक. ारी पूर्ति निरीक्षक को सदस्य बनाया गया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बिष्ट ने बताया कि टीम को राशन कार्ड सत्यापन के दौरान कई घरों में ताला मिलने से संबंधित राशन कार्ड का सत्यापन नहीं हो पा रहा है जिन्हें भी अपने राशन कार्ड का सत्यापन जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में आकर करवाना होगा।



कहा कि जिन राशन कार्ड धारकों द्वारा अभी तक ई केवाईसी नहीं कराई गई है वे संबंधित राशन की दुकान में जाकर अथवा घर बैठे भी प्ले स्टोर से मेरा ई केवाईसी एप डाउनलोड कर राशन कार्ड की ई केवाईसी कर सकते हैं। बिष्ट के मुता. बिक जनपद नैनीताल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार के कुल 113642, अंत्योदय अन्न योजना के 17834 और राज्य खाद्य योजना के कुल 101104 राशन कार्ड और उन राशन कार्डों में दर्ज यूनिट का सत्यापन कराया जा रहा है। नैनीताल तहसील के अंतर्गत गठित टीमों द्वारा अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक परिवार के 4281, अंत्योदय अन्न योजना के 363, और राज्य खाद्य योजना के 4508 राशन कार्डों का सत्यापन किया जा चुका है जिसमें से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार के 160, अंत्योदय अन्न योजना के 11 राशन कार्ड और राज्य खाद्य योजना के 143 राशन कार्ड पात्रता की श्रेणी से बाहर हो जाने के कारण इन्हें विभाग द्वारा निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

# शैले हॉल में माता की चौकी 7 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक सोमवार को क्लब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय कया गया कि 7 जून (रविवार) को नगर के राज्य अतिथि गृह के शैले हाल में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में क्लब की सचिव डा. प्रगति जैन ने बताया कार्यक्रम की कामयाबी के लिए उर्मिला चौहान को संयोजक जबकि रानी शाह सीमा सेठ एवं रमा लोहनी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया इस बार रुद्रपुर से राजीव तूफानी एवं शुभम गुप्ता की मंडली को कीर्तन के लिए बुलाया गया है। बताया कि कार्यक्रम रविवार 7 जून को अपराह्न 20 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माता की चौकी को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल है। बताया कि



क्लब पिछले 10 सालों से माता की चौकी का नगर में भव्य आयोजन करते आ रहा है। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में रानी शाह, आभा शाह, हेमा भट्ट, दीपा पांडे, दया कुंवर, रमा भट्ट, तुषी शाह, अनुराधा भट्ट, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, गीता साह, मंजू बिष्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, प्राची आर्या, कविता गंगोला, सविता कुलौरा, अमिता शाह, अमिता शेरवानी, ज्योति ढौढियाल, मधुमिता, तनु सिंह, मीनू बुधलाकोटी, लीला राज, रमा तिवारी, नीलम गुप्ता, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, नीरू शाह, रेखा जोशी, मीनाक्षी कीर्ति, दिव्या शाह, पल्लवी, सोनू शाह, मानसी गर्ग, ज्योति वर्मा, जूही अग्रवाल, भावना शाह, वंदना जोशी, पुष्पा कांडपाल, सीमा नौटियाल, विमलेश गोस्वामी तथा कंचन जोशी आदि सदस्य उपस्थित थी। अंत में क्लब की सचिव डा. प्रगति जैन ने सभी का आभार जताया।

# डा. अफरोज़ अहमद करेंगे पर्यावरणीय मुद्दों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नैनीताल।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की नई दिल्ली स्थित प्रधान पीठ के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश स्तर के अधिकारी डा. अफरोज अहमद मंगलवार (आज) नैनीताल पहुंचकर जनपद की पर्यावरणीय योजनाओं एवं विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों की समीक्षा करेंगे। दूसरी ओर इस संबंध में जिले के मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि दो जून (आज) को पूर्वाह्न 11 बजे नैनीताल क्लब में जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित होगी। बैठक में जिला पर्यावरण योजना के निर्माणए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों तथा एनजीटी द्वारा समय. समय पर पारित आदेशों एवं निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की जाएगी। बैठक के लिए वन विभाग एवं उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल विभाग नामित किया गया है। सभी विभागीय अधिकारियों को अद्यतन सूचनाओं एवं प्रगति प्रतिवेदन के साथ निर्धारित समय पर बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गये हैं। बैठक में जनपद के पर्यावरणीय प्रबंधन, संरक्षण उपायों तथा न्यायाधिकरण के निर्देशों के अनुपालन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।

# बॉडी बिल्डिंग में सूरज ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भवाली।** आंध्र एसोसिएशन गोदावरी ऑडिटोरियम, दिल्ली में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मसल मेनिया रीजनल 2026 में भवाली के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी सूरज नाथ ने 'मेन्स फिजीक जूनियर कैटेगरी' में गोल्ड मेडल जीतकर शहर का मान बढ़ाया है। इससे पहले सूरज साल 2024 में एनपीसी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

सूरज ने बताया कि यह जीत उनके लिए बेहद बड़ी है क्योंकि साल 2024 में एनपीसी कम्पीटिशन जीतने के बाद उनकी कमर के निचले हिस्से में गंभीर चोट लग गई थी। इस चोट की वजह से उनका करियर करीब डेढ़ साल के लिए बिल्कुल रुक गया। हालात ऐसे थे कि उनके लिए रोजमर्रा के काम भी मुश्किल हो गए थे। इन सबके बीच जिम जाने के बारे में तो वह सोच भी नहीं पा रहे थे। जब उन्हें इस प्रतियोगिता के बारे में पता चला तो उन्होंने कई महीने इलाज और रिकवरी के बाद दोबारा जिम ज्वाइन किया और पूरे मन से तैयारी में जुट गए। जिसके लिए उन्होंने बिना किसी कोच और प्रोफेशनल ट्रेनिंग के 2





महीने तक कड़ी मेहनत और कड़े अनुशासन के साथ तैयारी की। इसी पक्के इरादे के दम पर उन्होंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सूरज ने बताया कि वह बॉडी बिल्डिंग में ही अपना करियर बनाना चाहते हैं। जिसके लिए वह रोजाना कड़ी मेहनत करते हैं. उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर फिटनेस अपनाने की अपील की है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन मसल मेनिया करवाती है, यह एक ऑर्गनाइजेशन है जो नेचुरल बॉडी बिल्डिंग को प्रमोट करने के लिए दुनिया भर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाती है।


न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0
नई टिहरी, टिहरी गढवाल।
मूल वाद संख्या–19 सन्2026
कीर्तिदत्त बहुगुणा व अन्य
बनाम
राज्य उत्तराखंड
नोटिस बनाम– समस्त आम एवं खास।
चूंकि प्रार्थीयान कीर्तिदत्त बहुगुणा व पुरूषोत्तम दत्त बहुगुणा पुत्रगण स्व0 देवीदत्त बहुगुणा निवासी ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल द्वारा एक वाद पत्र इस न्यायालय में अपने सगे भाई चिन्तामणी पुत्र स्व0 देवीदत्त बहुगुणा निवासी ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल के दिनांक–20 दिसम्बर 1983 से अपने निवास स्थान ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल से कहीं चले जाने के कारण व आज तक भी उनके जीवित व मृत्यु होने का पता न होने के कारण श्री चिन्तामणी पुत्र स्व0 देवीदत्त की सिविल मृत्यु घोषित किए जाने की डिकी चाहने हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक–16–06–2026 की तिथि इस न्यायालय में नियत की गई है। यदि इस संबंध में किसी आम या खास व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को बवक्त 10 बजे प्राप्त इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी अपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद की गई कोई आपत्ति समायत नहीं होगी और मामले में एकतरफा कार्यवाही अमन में लाई जाएगी। दिनांक–29–05–2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया। प्रबंधक
सिविल जज
नई टिहरी, टिहरी गढबाल।


# कौशल प्रशिक्षण लेकर पर्यटन से जुड़े 40 युवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को लोहाजंग में सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम का संचालन समर्पित मीडिया सोसायटी द्वारा किया गया।

बता दें समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग लोहाँजुंग के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप तौपाल उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में हिमालयन ईको पर्यटन स्वायत सहकारिता के अध्यक्ष भुवन चन्द्र सिंह बिष्ट एवं पूर्व प्रधानाचार्य खड़क सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में समर्पित मीडिया सोसायटी के अध्यक्ष पंकज शर्मा समेत वन विभाग के अधिकारियों व स्थानीय जनप्रति. निधियों एवं गणमान्य नागरिकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की अपर निदेशक पूनम चन्द वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर पर्यटन से जोड़ना उत्तराखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोहाजंग, देवाल एवं आसपास के क्षेत्रों के 40 युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पक्षी पहचान, स्थानीय वनस्पतियों, प्रकृति व्याखया कौशल, पर्यटक प्रबंधन, संचार कौशल, अतिथि सत्कार व प्राथमिक उपचार, सुरक्षा प्रबंधन तथा जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रायोगिक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को आजन टॉप मंडोली नेचर ट्रेल तथा बांक गांव नेचर ट्रेल का भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने क्षेत्र की जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों, ट्रेकिंग मार्गों तथा पर्यटन संभावनाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया और प्रकृति आधारित पर्यटन की बारीकियों को समझा।

प्रशिक्षण में शामिल अधिकांश प्रतिभागी पहले से ही ट्रैकिंग एवं नेचर गाइडिंग गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इस प्रशिक्षण ने उनके अनुभव और स्थानीय ज्ञान को और अधिक सशक्त बनाया है जिससे वे पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान कर सकेंगे। मुख्य अतिथि प्रदीप तौपाल ने कहा कि प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट भविष्य में वन विभाग और स्थानीय समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण व स्थानीय आजीविका और पर्यटन विकास को एक साथ आगे बढ़ाने में इन युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। समारोह में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक प्रमाण पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैए बल्कि स्थानीय युवाओं को अपने प्राकृतिक संसाधनों, संस्कृति और पर्यटन संभावनाओं से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में वन विभाग, स्थानीय समुदाय और प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट मिलकर लोहाजंग क्षेत्र में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देंगे व पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे तथा स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर विकसित करेंगे।

# पांच फीसदी वैज्ञानिकों की ग्लोबल सूची में प्रो. अनीता सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह को साइंसरैंक ग्लोबल द्वारा वर्ष 2025 हेतु जारी सूची में विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। प्रतिवर्ष जारी होने वाली यह सूची वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट शोध कार्यो, उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर तैयार की जाती है। इस सूची में स्थान बनाने वाली प्रो. अनीता सिंह भीमताल भरतपुर निवासी हैं एवं वे भेषज विज्ञान विभाग की प्राध्यापक होने के साथ इस विभाग की विभागाध्यक्ष भी रहीं हैं और वर्तमान में विश्वविद्यालय के तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष हैं। उनके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में 90 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए गए हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: **एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

स्थानीय सम्पादक **चेतन गुरूंग**

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल–9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वैभव सूर्यवंशी को मिली ऑरेंज कैप

**आईपीएल 2026 के मोस्ट वैल्युबल खिलाड़ी के साथ ही जीते पांच अवॉर्ड**




**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही वह एक ही सीजन में यह दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा 16 मुकाबलों में 776 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप भी उन्हें हासिल हुई।

रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में वैभव सूर्यवंशी को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने 237.30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर-2 में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार झेलनी पड़ी।

ऑरेंज कैप की सूची में दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल थे जिन्होंने 732 रन बनाए, वहीं उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने 722 रन के साथ सीजन समाप्त किया। पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे कगिसो रबाडा रहे जिन्होंने 17 मुकाबलों में 9-86 की इकॉनमी से सर्वाधिक 29 विकेट हासिल किए। भुवनेश्वर कुमार ने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो विकेट हासिल कर पर्पल कैप हासिल कर लिया था क्योंकि उनकी इकॉनमी रबाडा से बेहतर थी। हालांकि रबाडा दूसरी पारी में देवदत्त पड़िक्कल का विकेट लेकर भुवनेश्वर से आगे निकल गए। भुवनेश्वर ने 16 मुकाबलों में 7.95 की इकॉनमी से 28 विकेट हासिल किए, जो कि एक सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए संयुक्त तौर पर दूसरे सर्वाधिक विकेट हैं। रबाडा ने दूसरी बार पर्पल कैप जीता। वह दो पर्पल कैप जीतने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए जिसमें ड्वेन ब्रावो, भुवनेश्वर और हर्ल मौजूद हैं।

## अगले आईपीएल सीजन में भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा: सूर्यवंशी

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले राजस्थान रॉयल्य (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह अगले सीजन भी बेहतर प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि काफी अच्छा लग रहा है लेकिन इस समय मैं दबाव में हूं क्योंकि इंटरव्यू के लिए आया हूं।

मैं अगले साल भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रयास करुंगा। अब मैं दूध नहीं पीता हूं (हंसते हुए)। मैं अपने गेम पर भरोसा जताता हूं और मैं सोचता हूं कि अगर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं तो फिर ऑल आउट हिट के लिए जा सकता हूं। सूर्यवंशी ने यह तो बताया ही कि उन्हें इस सीजन क्या सीखने को मिला लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी फिटनेस पर काम करेंगे और चोट से बचने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने ने कहा कि मैंने यह सीखा है कि आप हमेशा आक्रमण नहीं कर कर सकते हैं। आपको दबाव में खेलना होता है और परिस्थितियों और टीम के हिंसाब से भी खेलना होता है। मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा और चोट से बचना होगा। उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी ने इस सीजन 237-30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्लेऑफ में पहुंच. नेे में अहम भूमिका निभाई।

# मध्यमक्रम ने कोहली को खुलकर खेलने की दी आजादी: वरुण



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट वरूण ऐरन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भरोसेमंद मध्यमक्रम के कारण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खुलकर खेल पाए।

ईएसपीएन टाइम आउट कार्यक्रम के दौरान ऐरन ने यह बात कही। कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट में टॉम मूडी ने कहा कि कोहली ने मैच में अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया। वहीं वरुण ऐरन का मानना है कि इसकी मुख्य वजह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत मध्यक्रम है। उनके अनुसार, वह ज्यादा आनंद इसलिए ले पा रहे हैं क्योंकि उनके पास भरोसेमंद मध्य क्रम है, जिसने कोहली को खुलकर खेलने की आजादी दी है। मूडी कहा कि इस साल कोहली के बारे में जो बात मुझे सबसे अलग लगती है, वह यह है कि वह बल्लेबाजी करते हुए वह इसका लुत्फ उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वाेर्ं में वह बल्लेबाजी को एक बिजनेस की तरह ले रहे थे। वह उस बिजनेस को बस संभाल रहे थे। लेकिन इस सीजन में मुझे ऐसा खिलाड़ी दिखा, जो सब कुछ छोड़कर सिर्फ खेल का लुत्फ उठा रहा है। उनकी प्रतिभा और क्लास की वजह से हर चीज बेहतर हो रही है, बाउंड्री, स्ट्राइक रेट, सब कुछ, क्योंकि उनके पास परफेक्ट गेम है। उन्होंने खुद को खुला छोड़ दिया है और वह लुत्फ उठा रहे हैं। इसका फायदा सभी को हो रहा है, आरस. ीबी को भी, प्रशंसकों को और खेल को भी।

ऐरन का तर्क है कि बदलाव केवल कोहली में नहीं, बल्कि आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम में भी आया है। लंबे समय तक आरसीबी की बल्लेबाजी क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और को. हली पर बहुत ज्यादा निर्भर रही। लेकिन अब रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ऊपरी मध्यक्रम में, टिम डेविड और क्रुणाल पंड्या मध्यक्रम में और ऊपरी क्रम में फिल सॉल्ट व वेंकटेश अ"यर जैसे खिलाड़ियों के प्रभावशाली योगदान के कारण कोहली पर बोझ कम हो गया है। ऐरन ने कहा कि अब उन्हें पता है कि अगर वह आउट भी हो जाए तो दूसरे बल्लेबाज मौजूद हैं। हमने पावरप्ले में उनके इंटेंट की बात की है, लेकिन उनका फॉल्स-शॉट प्रतिशत भी बेहद ऊंचा है। यह 30 प्रतिशत से ऊपर के आसपास है। 24.82 प्रतिशत पिछले दस सीजन में सिर्फ दो बार इससे अधिक रहा है।

### खेल विशेष

## ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्वकप में लगातार छठी बार लेगी हिस्सा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम 11 जून से शुरु होने वाले फीफा विश्वकप 2026 में लगातार छठी बार हिस्सा लेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम क्वालिफाइंग ग्रुप में जापान के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार, कतर 2022 में,ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम, जिसे सॉकरूज के नाम से भी जाना जाता है ने राउंड ऑफ 16 में पहुंचकर विश्वकप में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दोहराया था। वहा, ऑस्ट्रेलिया को बाद में चैंपियन बनी टीम अर्जेंटीना के हाथों 2-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे।

## गुलजार की तूफानी पारी से भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि-) के ग्रुप 'सी ' मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। टीम की ओर से देव मेहरा ने शानदार संर्घापूर्ण पारी खेलते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस बेहतरीन पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रिस मेहरा (29 रन) और मानव (25 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

## महाकाल का आशीर्वाद लेकर मैच की तैयारी में जुटी उज्जैन फाल्कन्स

**(मध्य प्रदेश), वार्ता।** उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंच. ाइजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है।

# 2026 एशियाई खेलों से पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में 22 रोअर्स शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 174वीं बैठक में, 2026 एशियाई खेलों (आइची-नागोया में होने वाले) और अन्य आने वाले प्रतियोगिताओं से पहले, कई रोअर्स को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। यह लिस्ट सालाना राट्रीय चयन ट्रायल्स और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) द्वारा क्रू को अंतिम रूप दिए जाने के बाद तैयार की गई है। अब कुल 22 रोअर्स छह अलग-अलग नावों में टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं। यह क्रू अब रोइंग से जुड़े बड़े अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों, जिनमें एशियाई खेल और विश्व कप सर्किट शामिल हैं,

के लिए तैयारी करेगा। शामिल किए गए प्रमुख नामों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविदर सिंह और अन्य शामिल हैं। इन 22 रोअर्स को अलग-अलग नावों के ग्रुप में बांटा गया है, जिनमें पुरुाों की एकल स्कल्स (एम1एक्स), पुरुाों की युगल स्कल्स (एम 2 एक्स), पुरुाों की क्वाड्रूपल स्कल्स (एम 4 एक्स), लाइटवेट पुरुाों की युगल स्कल्स (एलएम 2 एक्स), पुरुाों की कॉक्स्ड एट (एम 4-) और महिलाओं की कॉक्सलेस फोर्स (डब्ल्यू 4-) शामिल हैं। जहां शामिल किए गए ज्यादातर एथलीट्स को सीधे तौर पर 2026 एशियाई खेलों के चक्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जा रहा है। इन कई भारतीय रोअर्स को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल करना, केवल व्यक्तिगत पदक की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, कई नाव श्रेणियों में एक स्थाई बेंच स्ट्रेंथ बनाने का एक और प्रयास है। चूंकि भारत 2030 में राट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने वाला है।

# सिंगापुर ओपन में ऐतिहासिक जीत पर सात्विक-चिराग को बधाई दी




**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए- रेवंत रेड्डी ने भारतीय बैडमिंटन सितारों सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्रतिठित सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में पुरुाों का युगल खिताब जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने इस भारतीय जोड़ी की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

इस जोड़ी ने फाइनल में दुनिया की नंबर 3 इंडोनेशियाई जोड़ी को एक शानदार वापसी करते हुए हराया था। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय डबल्स जोड़ी बन गए हैं, और उन्होंने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक गर्व का क्षण बताया।

# आईपीएल में लगातार तीसरी बार ट्रॉफी जीतने पर होगा अब सारा फोकस: पाटीदार

**गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार**




**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने हम जीत का जश्न माना रहे लेकिन हमारा ध्यान अब इस बात पर है कि इस लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान थी।

जो व्यक्ति आमतौर पर अपनी भावनाएं ज्यादा जाहिर नहीं करता, उसके लिए यह मुस्कान किसी भी शब्द से अधिक कह रही थी। उनके बगल में रखी ट्रॉफी को बीच-बीच में देखना और उसे महसूस करना उस कप्तान की संतुटि को दिखा रहा था। इस पल को और भी खास बनाने वाली बात इसका समय था। यह उनका 33वां जन्मदिन भी था। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह शानदार एहसास है। आज मेरा जन्मदिन है और इससे बेहतर तोहफा नहीं हो सकता। मैं ऐसा इंसान हूं, जो हमेशा वर्तमान में जीने पर ध्यान देता है। हमने लगातार दो खिताब जीते हैं, इसका जश्न मनाएंगे, लेकिन अब ध्यान इस बात पर होगा कि लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जब आप ट्रॉफयिां जीतते हैं, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं देखते। इससे बड़ा कुछ नहीं है। जब उनसे दोनों खिताबी सफर की तुलना करने को कहा गया, तो पाटीदार को लगा कि 2026 का खिताब कहीं न कहीं पहले से तय सा लग रहा था, क्योंकि लीग चरण में टीम का दबदबा साफ दिखाई दिया था। उन्होंने कहा, पिछले साल काफी दबाव था इस साल मैं ज्यादा शांत था। पूरे टूर्नामेंट में हमने सिर्फ खेला नहीं, बल्कि दबदबा बनाया। मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो आरसीबी के लिए दूसरा खिताब जीत सकते हैं। कप्तान के तौर पर मैं बहुत ज्यादा भावनाएं जाहिर नहीं करता, लेकिन साथ ही मैच की परिस्थितियों को समझता हूं। बेशक आपको समर्थन की जरूरत होती है और मुझे टीम प्रबंधन व खिलाड़ियों से भरपूर समर्थन मिला। जिन चीजों पर उन्होंने सबसे ज्यादा मेहनत की, उनमें बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग रखना शामिल था। बल्लेबाजी की तैयारी उन्होंने ऑफ-सीजन में दिनेश कार्तिक के साथ की थी, जिसका शानदार नतीजा सीजन के दौरान देखने को मिला। पाटीदार ने 192-69 के स्ट्राइक रेट से 501 रन बनाए। 2021 में डेब्यू के बाद किसी एक सीजन में यह उनका सर्वश्रेठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि मैंने कप्तान और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में बहुत कुछ सीखा। मैं इस बात पर ध्यान देता हूं कि बल्लेबाजी के लिए खुद को कितना समय देता हूं। सीजन से पहले मैंने नेट्स में काफी समय बिताया केवल मैं और गेंदबाज। दिनेश कार्तिक भाई के साथ मेरी काफी बातचीत हुई।

# ऑस्ट्रेलिया की फीफा विश्व कप टीम में वोल्पाटो को मिली जगह

**सिडनी, वार्ता।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी टीम का की घोाणा कर दी है इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पहली बार विश्व कप खेल सकते हैं और दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

चयनकर्ताओं ने टीम में इटली में रहने वाले अटैकिंग प्लेमेकर क्रिस्टियन वोल्पाटो को भी शामिल किया गया है। वोल्पाटो ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इटली के बजाय ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने का फैसला किया है और वह वर्ल्ड कप में अपना पहला सीनियर अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। 22 साल के वोल्पाटो का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूथ इंटरनेशनल स्तर पर इटली की तरफ से खेला था। टीम में उनके साथ ऐसे स्ट्राइकर टेटे एंगी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और जो जापान में क्लब फुटबॉल खेलते हैं। विश्व कप में टीम की कप्तानी गोलकीपर मैट रयान और विगर मैथ्यू लेकी करेंगे। ए दोनों सॉकरूस के तीसरे और चौथे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो चार वर्ल्ड कप में खेलेंगे। हेड कोच टोनी पोपो. विक ने एक बयान में कहा कि इस फाइनल वर्ल्ड कप टीम को चुनने में कई बातों का ध्यान रखा गया है। कुछ मुश्किल फैसले भी लेने पड़े, बड़े टूर्नामेंट्स में ऐसा ही होता है।

# रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी माथियास बो के साथ फिर से जुड़े

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ा युगल बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स से पहल डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर से जुड़ गए हैं। मैथियास बो, जो पुरुाों के डबल्स में लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं,

ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारत की टॉप पुरुाों की युगल बैडमिंटन जोड़ी के साथ चुपके से काम करना शुरू कर दिया था। बो ने स्पट किया कि वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, साथ में मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे। बो का मुख्य फोकस टैक्टिकल इनपुट और मैच एनालिसिस पर रहेगा, जबकि टैन इस जोड़ी के साथ फुल-टाइम कोच के तौर पर काम करते रहेंगे। मैथियास बो ने इस्टाग्राम पर लिखा, अंदाजा लगाइए, कौन फिर से साथ आ गया है? अब जब मेरे पास थोड़ा ज्यादा समय है, तो थॉमस कप से पहले ही मैंने सात्विक और चिराग के साथ फिर से चुपके से काम करना शुरू कर दिया है।

# मोदी ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 पदक जीतने पर दी बधाई

**शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है: मोदी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतने पर भारतीय दल को हार्दिक बधाई दी है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामना संद. ेश पोस्ट करते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विाय है। आशा है कि उनकी सफलता आने वाले वाेर्ं में और अधिक युवा भारतीयों को खेलों को अपनाने तथा उत्कृटता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविय और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को भारतीय महिलाओं की 4गुना400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय दल ने चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीते, जिससे कुल स्वर्ण पदकों की संख्या10 हो गई। भारतीय दल कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीत के साथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना लोहा मनवाया। चीन इस चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ कुल 25 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा और जापान कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। क्वोयुक ने स्वियातेक को हराकर फ्रेंच ओपन में किया उलटफेर पेरिस। चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक चौथे राउंड में बाहर हो गईं, जबकि रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया 17 साल में पहली बार रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर महिलाओं के वर्ग में हुआ, जहां 15वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक ने तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक को एक घंटे 39 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। स्वियातेक, जो टूर्नामेंट में पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक थीं, पहले सेट में कड़े मुकाबले के बाद मैच पर दोबारा पकड़ बनाने के लिए संर्घा करती रहीं। उन्होंने कहा कि मैंने मैच पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और मेरे पास वापसी का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि मुझे लगातार बुरा महसूस हो रहा था। स्वियातेक ने कहा कि मैं आज इसलिए हारी क्योंकि मार्टा ने मौके का फायदा उठाया, और मैं बहुत अधिक तनाव में थी। मुझे यह विश्वास रखना होगा कि मैं इस मुश्किल से उबर सकती हूं और इतनी जल्दी विचलित नहीं होऊंगी। क्वोयुक क्वार्टरफाइनल में अपनी हमवतन यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक को हराकर निर्णायक सेट 6-0 से जीता।

### जाम की समस्या को लेकर दरगाह क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# पुलिस ने सड़क से रेहड़ी, ठेली व अवैध कब्जों को हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस ने रविवार देर शाम को अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया। इस दौरान मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़ी रेडी-ठेलियां, बाइक और ई-रिक्शों को भी हटवाया गया। पुलिस की कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के अनुसार दरगाह क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस ने रविवार देर शाम को अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने पुलिसबल के साथ फव्वारा चौक, मुख्य बाजार, दरगाह मुख्य गेट और पहाड़ी बाजार समेत अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अभियान चलाया। पुलिस ने सड़क किनारे रखे सामान, अस्थायी दुकानों तथा यातायात में बाधा बने ई-रिक्शों, रेडी-ठेलियों और दोपहिया वाहनों को हटवाया।अभियान के दौरान दुकानदारों, रिक्शा चालकों और स्थानीय लोगों को चेतावनी देते हुए पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर अतिक्रमण न करने की अपील की। पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दरगाह में आने वाले जायरीनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि दरगाह क्षेत्र को जाम और अव्यवस्था से मुक्त रखने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सबमर्सिबल लगाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, 11 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली क्षेत्र के मेहवड़ कला गांव में समर्सिबल लगाने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर महिलाओं सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मेहवड कलां गांव में शनिवार को संमर्सिबल लगाने दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस सभी घायलों का मेडिकल कराया।वहीं एक पक्ष के नरेश कुमार सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पारिवारिक संपत्ति के पुराने विवाद को लेकर विनयराज सिंह और उनके परिवार के सदस्य शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे दुकानों के सामने संमर्सिबल लगाने पहुंचे और दुकान पर कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी, लोहे की सरिया और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया गया जिसमें परिवार के कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के विनयराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह घर के बाहर संमर्सिबल नलकूप का काम करा रहे थे तभी दूसरे पक्ष के लोग पहुंचे और विवाद के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों पीड़ितों ने एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया एक पक्ष की ओर से विनयराज, विशाल,विनीत,अलका,शीतल और दूसरे पक्ष की ओर से अनिल कुमार, नरेश कुमार, प्रिंस, मुनेश, पूनम और बबली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अफसोसः शादी से तीन दिन पहले युवती प्रेमी संग हुई फरार

## प्रेमी से रचाई शादी, कल आनी थी दूसरी जगह से बारात

**❖पिता ने दी आरोपी के खिलाफ तहरीर, इश्क के भूत के चलते युवती ने कर दी अपने परिवार व रिश्तेदारों की इज्जत खराब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी एक युवती प्रेम प्रसंग के चलते कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के साथ फरार हो गई ।जबकि युवती की बारात 3 जून को दूसरी जगह से आनी थी ।वहीं दूसरी और कोतवाली क्षेत्र के गांव की भी एक युवती घर से अपने प्रेमी के यहां चली गई तथा बिना मां-बाप को बताएं युवक के साथ विवाह कर लिया है । कस्बा निवासी युवती के पिता तथा गांव निवासी युवती के भाई द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री चार दिन पूर्व घर से कहीं चली गई थी। उन्होंने समाज के डर से स्वयं ही अपनी बेटी का पता लगाने का प्रयास किया। पता चला कि उसकी पुत्री कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के साथ फरार हो गई है ।युवती के परिजनों ने बताया कि युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया गया था तथा घर में शादी की तैयारी चल रही थी ।विवाह में दहेज मे देने के लिए पूरा सामान भी बेटी की पसंद का ही लाया गया था ।3 जून को घर में बारात आनी थी शादी की खुशियां बेटी के जाते ही गम में बदल गई । दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन पास के ही दूसरे परदेश के युवक के साथ चली गई। युवती के भाई ने बताया कि बहन ने वहाँ जाकर बिना परिजनों की मर्जी के युवक के साथ शादी कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि दोनों और से तहरीर आई है दोनों युवतीया बालिग है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### देहरादून में आयोजित प्रदेश स्तरीय 100 मीटर हेडर्ल प्रतियोगिता में

# आयशा रहमान ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड सीनियर एथलेटिक चौंपियन शिप 2026 देहरादून में आयोजित प्रदेश स्तरीय 100 मीटर हेडर्ल प्रतियोगिता में आयशा रहमान ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने प्रदेश क्षेत्र व अपने समाज का नाम रोशन किया। आपको बतादे देहरादून में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड सीनियर एथलेटिक चौंपियन शिप 2026 में रुड़की कस्बा लंढौरा की ड्रीम ओलंपिक स्पोर्ट्स एकेडमी की छात्रा आयशा रहमान ने 100 मीटर हेडरल में प्रथम स्थान प्राप्त कर सवर्ण पदक हासिल किया एकेडमी के प्रबंधक गुलशन ने बताया आयशा रहमान एक होनहार लड़की हैं।आयशा रहमान ने प्रदेश अपने क्षेत्र अपने परिवार और ड्रीम ओलंपिक स्पोर्ट्स एकेडमी का भी नाम रोशन किया आपको बता दे एकेडमी के प्रबंधक गुलशन भी प्रदेश स्तर के एक अच्छे कॉच माने जाते हैं। आयशा रहमान हिमगिरि स्पोर्ट्स कॉलेज की भी वर्तमान में अध्यनरत हैं।



# ऑपरेशन कालनेमि में 40 बाबा गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ऑपरेशन कालनेमी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाकर कलियर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 40 कथित "कालनेमि बाबाओ" को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी बाबाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय पेश किया गया है।

कलियर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर ऑपरेशन कालनेमी के तहत दरगाह क्षेत्र और आसपास के इलाकों में विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की गई, जो साधु-संत का वेश धारण कर लोगों को गुमराह करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई है और उन्हें न्यायालय में पेश कर किया गयाकोतवाली प्रभारी का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पकडे गए कालनेमी 1. लड्डन पुत्र मौ0 इजाजुद्दीन निवागी ग्राम मोरना बिजनौर उम्र 54 वर्ष,2. अकबर पुत्र अनवर निवासी ग्राम सीताकेम मुबंई उम्र 60 वर्ष,3. नजीर पुत्र कबीर निवासी अलीगढ उम्र 60 वर्ष, 4. वसीम पुत्र रसीम निवासी बुरादाबाद उम्र 55 वर्ष,5. मटरु पुत्र अलाराजी निवासी रसोली बदायू उम्र 55 वर्ष, 6. यामीन पुत्र रसीद निवासी अमरोहा उम्र 50 वर्ष,7. शकील पुत्र शीद्दकी निवासी इलाहबाद उम्र 60 वर्ष, 8. शमीर पुत्र अब्दुल निवासी कलीसिया सहारनपुर उम्र 30 वर्ष,9. अफ्तार पुत्र ईशक निवासी सहारनपुर उम्र 40 वर्ष,10. नईम पुत्र यामीन निवासी भिकमपुर मुरादाबाद उम्र 35 वर्ष,11. विकास पुत्र प्रेमपाल निवासी बुलन्द शहन उम्र 23 वर्ष,12. सलमान पुत्र नूर मौहम्मद निवासी नोयडाफेस दिल्ली उम्र 26 वर्ष ,13. आमिर पुत्र कल्लू निवासी गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष,14. छोटू पुत्र उमा निवासी खरखडी गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष,15. शंकर सिंह पुत्र भगवानसिह निवासी अजमेर उम्र 55 वर्ष,16. महताब पुत्र नईम निवासी लोगिया राजस्थान उम्र 48 वर्ष,17. राजेन्द्र पुत्र किशनसिंह निवासी ग्राम रामपुर मुरादाबाद उम्र 40 वर्ष,18. अबदुल्लाह पुत्र रजाक निवासी मिलगाडा सलदा उम्र 57 वर्ष, 19. राजू पुत्र रमेश निवासी फरीदाबाद आगरा उम्र 40 वर्ष,20. अखलेश पुत्र वीरमपाल निवासी मेबपुरी उम्र 35 वर्ष, 21. राजा पुत्र रमेश निवासी फरीदाबाद उम्र 45 वर्ष,22. मेराज अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र अशफाख निवासी बनारस उम्र 48 वर्ष,23. फेजआलम पुत्र मनसूर आमलम उम्र 66 वर्ष, निवासी कलियर द रगाह,24. शिव गोपाल पुत्र राम हरक उम्र 46 वर्ष निवासी कलियर द रगाह,25. राशिद पुत्र वफाती उम्र 47 वर्ष निवासी कलियर द रगाह,26. इमरान पुत्र मौलामिया उम्र 60 वर्ष निवासी कलियर द रगाह, 27. मोजबील पुत्र बीरबल निवासी कलियर द रगाह28. रंणजीत पुत्र करमचंद उम्र 45 वर्ष निवासी कलियर द रगाह,29. शाबुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन उम्र 60 वर्ष निवासी कलियर दरगाह,30. जुबेर अंसारी पुत्र मारुदीन उम्र 43 वर्ष निवासी कलियर दरगाह,31. याकुब पुत्र नौशाद उम्र 40 वर्ष निवासी कलियर द रगाह,32. जान मोहम्मद पुत्र रजबूला 60 वर्ष निवासी कलियर द रगाह,33. मौ0 इमरान पुत्र मौ0 इस्लाम उम्र 35 निवासी पश्चिम बंगाल कलकत्ता ,34. शंकर सिहं पुत्र भगवान सिह निवासी अजमेर भगवानगंज राजस्थान, 35. जसप्रीत सिहं जसवीर सिंह निवासी दमूटा तन्दोला गांव थाना आदमपुर जिला जालन्धंर, 36. शहनवाज पुत्र रजाक निवासी हापुड़ थाना बाबूगंज हापुड़ उ0प्र0, 37. मौहम्मद हासिम पुत्र कासिम निवासी उन्नीस सेक्टर चण्डीगढ़ पंजाब, 38. अब्दुल हसन पुत्र सलात्तुला निवासी कसरावल थाना इचोलिया जनपद लखीमपुर खीरी 39. असलम पुत्र इस्माईल निवासी सासनी थाना कोत0 जिला अलीगढ, 40. कादिर पुत्र रशीद निवासी पहासू थाना सिकारपुर जिला बुलन्दशहर हैं।



# सीवर टैंकर ट्रैक्टरों पर जल संस्थान सख्त बिना रजिस्ट्रेशन नहीं चल पाएंगे सीवर टैंकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** बिना रजिस्ट्रेशन रुड़की में नहीं चलेगा कोई भी टैंकर । सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया सीवर टैंकर को नियमानुसार रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सीवर एस टी पी में छोड़ना होगा खुले में सीवर डालने पर होगा जुर्माना। अधिशाषी अभियंता द्वारा सख्त निर्देश दिए गए इसलिए एक सप्ताह में सभी सीवर ट्रैक्टर संचालक रजिस्ट्रेशन करा ले और खुले में सीवर डालने पर होगी जुर्माना कारवाई। सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया कनिष्ठ अभियंता मोहित राणा एवं सीवर सुपरवाइजर चौधरी चरण सिंह उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे एवं कोई भी टैंकर खुले मे सीवर डालता पकड़ा गया तो होगी कारवाई सीवर का पानी एस टी पी में डालने की अनुमति है इसलिए सभी टैंकर संचालक एक सप्ताह में नगर निगम कार्यालय पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करा ले अन्यथा सीवर टैंकर चालक पर सुसंगत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी उन्होंने बताया अधिशाषी अभियंता ने बताया वर्तमान में भूपतवाला क्षेत्र अंतर्गत अनधिकृत सीवेज टैंकर द्वारा उत्तराखंड जल संस्थान का नाम टैंकर पर लिखकर अपशिष्ट जल सीधे तौर पर नाले में प्रवाहित किया जा रहा था। उक्त प्रकरण स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से वर्तमान में चर्चा का विषय बना रहा। अधिशाषी अभियंता महोदय के निर्देशानुसार अपर सहायक अभियंता जॉन प्रथम द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वर्तमान में वाहन चालक को गिरफ्तार कर उक्त टैंकर को सील कर दिया गया है। भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण के रोकथाम हेतु अधिशासी अभियंता द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रत्येक जोनवार/ क्षेत्रवार, सहायक अभियंता स्तर पर तीन सदस्यों की फील्ड विजिलेंस टीम गठित की जानी है जोकि किसी भी अनधिकृत सीवेज टैंक, जो विभाग की बिना अनुमति के सीवरेज विभागीय नेटवर्क में डाल रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर तत्काल प्राथमिकी निकटतम थाने में दर्ज कराएंगे। विभाग द्वारा बनाई गई जोनवार टीम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विभाग द्वारा सीवेज टैंकर सेक्शन हेतु दी जाने वाली सुविधा के बारे में स्थानीय समाचार पत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार करें।

# दो पक्षों में अभद्रता व मारपीट दोनों तरफ से दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रविवार देर शाम ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास तीन व्यक्तियों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। एक पक्ष द्वारा कोतवाली झबरेड़ा तथा दूसरे पक्ष की ओर से कोतवाली मंगलौर में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। झबरेड़ा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास ग्राम बसवा खेड़ी निवासी तीन व्यक्तियों में किसी बात को लेकर रविवार देर शाम झगड़ा हुआ था ।ग्राम बसपा खेड़ी घर जाने के बाद भी दोनों पक्षों में मारपीट व पथराव हो गया था। दोनों पक्षों में से एक पक्ष की ओर से झबरेड़ा कोतवाली में तहरीर दी गई है जबकि दूसरे पक्ष की ओर से मंगलौर कोतवाली में तहरीर दी गई है। झबरेड़ा कोतवाली में दी गई तहरीर को मंगलौर कोतवाली में भेज दी गई है तथा तहरीर देने वाले पक्ष को भी मंगलौर कोतवाली में भेज दिया गया है।

# कलियर पुलिस दो जुआरी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली क्षेत्र में जुआ और सट्टेबाजी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में दो जुआरियों और एक सट्टा खाईबाड़ी करने वाले को गिरफ्तार किया है।जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने नगदी, ताश की गड्डी, फड़ और सट्टा सामग्री बरामद कर आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि रहमतपुर रोड पर पानी की टंकी के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर कुर्बान और गुलजार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को देखकर दो आरोपी फरार हो गए पुलिस ने मौके से 52 पत्तों की ताश की गड्डी, जुआ खेलने में प्रयुक्त फड़ और 6700 रुपये की नगदी भी बरामद की है और फरार आरोपी गुलसेर और आस मोहम्मद के खिलाफ भी सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने चेकिंग के दौरान दरगाह क्षेत्र से एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पहुंची टीम को देखकर युवक भागने लगा लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से 2240 रुपये की नगदी, सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और डायरी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जहांगीर बताया। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी टीम में धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान,हेड कॉन्स्टेबल सोनू कुमार, इसरार अली,अमित कुमार, प्रकाश मनराल, होमगार्ड अमरीश कुमार शामिल रहे।

# युवक पर चाकू से हमला, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली क्षेत्र के ढंढेरा में एक युवक पर चाकूओं से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया जिस बाबत परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सुरेश निवासी ढंडेरा ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र राहुल शनिवार शाम छह बजे क्षेत्र में एक दुकान पर चाऊमीन खा रहा था। तभी तीन युवक धारदार हथियार लेकर पुत्र के पास पहुंचे और गाली-गलौज कर पुत्र पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। पुत्र की छाती, पेट और शरीर के अन्य स्थानों पर चाकू लगे जिससे वह लहूलुहान होकर अधमरी अवस्था में घटनास्थल पर गिर गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। खुद को क्षेत्र के लोगों से घिरता देख हमलावर धारदार हथियार लहराते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने घायल को पहले तो देहरादून रेफर कर दिया। वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो अब एम्स में घायल का उपचार चल रहा है।

परिवार के मुताबिक अब भी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने अभिषेक निवासी रुड़की समेत तीन हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। हमलावरों की तलाश को संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### लक्सर ब्लॉक सभागार में एसआईआर को लेकर एसडीएम का आदेश

# कर्मचारी ईमानदारी व जिम्मेदारी से पूरा करें अपना कामः शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर ब्लॉक सभागार में आज एसआईआर के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के सभी संबंधित बीएलओ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे लक्सर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अनिल कुमार शुक्ला ने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि (टाइम बाउंड) के भीतर पूरी ईमानदारी और सही तरीके से अपना काम निपटाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

लक्सर उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सभी बीएलओ के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे सर्वे या जांच के दौरान प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार जरूर जाएं। उन्होंने कहाः सभी बीएलओ हर घर पर तीन बार जरूर जाएं ताकि बाद में कोई भी नागरिक यह शिकायत न कर सके कि उनके घर पर कोई संबंधित कर्मचारी नहीं आया था। अभद्र व्यवहार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई-एसडीएम ने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस कार्य में बीएलओ का पूरा सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ड्यूटी पर तैनात बीएलओ के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार या बदतमीजी की गई, तो उस व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगीसमय सीमा और सटीकता पर जोरबैठक में मौजूद सहायक नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी बीएलओ को कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया है। सरकार द्वारा इस कार्य के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की गई है, और उसी टाइम बाउंड के अंदर एस आई आर का काम पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद अहम और संवेदनशील कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोई त्रुटि गलती नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने जनता से भी इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है।



# देश की जनता का ब्रेनवाश कर गुमराह कर रही है भाजपा सरकार : आलोक शर्मा

## नीट पेपर लीक कर युवाओं व देश की स्वास्थ्य सेवा के साथ किया धोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महानगर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर रुड़की पहुंचे कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहां की भाजपा देश की जनता का ब्रेनवास कर गुमराह करने का काम कर रही। बढ़ती महंगाई और परीक्षाओं के लीक होते पेपर पर वह खामोश है। देश में महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कैंप कार्यालय पर आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता का ब्रेन वास कर उन्हें गुमराह करने का काम करती चली आ रही है। जबकि देश में बढ़ती महंगाई पर उनका कोई कंट्रोल नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार पेपर लीक हो रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही आरोपियों पर नहीं हो रही है। देश में बढ़ती महंगाई ने आमजन की कमर तोड़ रखी है। देश में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन भाजपाई अपनी मस्ती में मत दिखाई दे रहे हैं। नीट का पेपर हो या एसएससी का सभी लीक हो रहे हैं। जिससे छात्राओं का भविष्य अंधकार में होता दिखाई दे रहा है लेकिन भाजपा सरकार इस ओर कोई कार्रवाई करने को नहीं दिखाई दे रही है। कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी एडवोकेट ने आलोक शर्मा का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 2 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# दूरगामी फैसला

अपने आप में यह एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा पेन-एंड-पेपर (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया। स्पष्ट है कि न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, सीबीएसई, और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करके हाल ही में यह निर्देश दिया है कि वे 1 जुलाई 2006 से सभी सीबीएसई स्कूलों में नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन-भाषा फार्मूला लागू करने के अपने इंतजामात के बारे में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। बीते 27 मई को, सीबीएसई के इस कदम को चुनौती देने वाली याचिक.ाओं को सुनते हुए, शीर्ष अदालत ने तुरंत कोई स्थगनादेश देने से मना कर दिया था, लेकिन यह माना कि कठिनाई और असु.विधा को लेकर चिंताओं की समीक्षा की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट 15 और 16 जुलाई को दलीलें सुनेगा। जिस अगंभीर ढंग से सरकार अपनी विवादास्पद भाषा नीति लागू करने के लिए सीबीएसई का इस्तेमाल कर रही है, वह एक बार फिर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति पूर्ण उपेक्षा-भाव को दिखाता है। इसी 15 मई को, सीबीएसई ने एक परिपत्र जारी कर 1 जुलाई से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नयी शिक्षा नीति द्धएनईपीऋ 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के साथ संगति का हवाला दिया गया। तीन में से कम-से-कम दो देशी भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। फ्रेंच या जर्मन जैसी विदेशी भाषाएं तीसरी भाषा के रूप में केवल तभी ली जा सकेंगी, जब पहली दो भाषाएं भारतीय हों, या फिर वैकल्पिक चौथे विषय के रूप में ली जा सकेंगी। विद्यार्थियों के सामने खड़ी की गयी कठिनाई पर पर्दा डालने की तुच्छ कोशिश में, सीबीएसई ने दसवीं के बोर्ड इम्तिहान से तीसरी भाषा को छूट दे दी, जिसका मूल्यांकन स्कूल-आधारित आंतरिक मूल्यांकनों के जरिए किया जायेगा। हालांकि, इसके अंक अंतिम प्रमाणपत्र में अब भी मौजूद रहेंगे।

## मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर



सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है, डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है, अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं, मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर डाला जा रहा है, गलती सीबीएसई करती है और इसकी सजा बच्चे को मिलती है और सरकार इससे कमाई करती है, जब शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि कारोबार बना दिया जाता है, तो गलतियां सुधरने के बजाय व्यवस्था का हिस्सा बन जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से चुकानी पड़ती है।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
(सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003)

# महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग!

> **“आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें आगे खिसकती जाती हैं।**





प्रो. आर.के. जैन

भारत की आर्थिक कहानी में एक ऐसा पात्र है जो हर अध्याय में मौजूद रहता है, लेकिन जिसकी पीड़ा अक्सर फुटनोट बनकर रह जाती है। यह पात्र है मध्य वर्ग। यह वही जीवन है जो हर सुबह उम्मीद जोड़ता है और हर रात हिसाब में उलझकर टूटता थोड़ा और है। विकास, कर और उपभोग की सबसे भारी जिम्मेदारी इसी के कंधों पर है, फिर भी सुविधाएं इसके हिस्से में हमेशा कम पड़ जाती हैं। न यह इतना कमजोर है कि योजनाओं का पूरा लाभ ले सके, न इतना सक्षम कि महंगाई और करों का दबाव सहज झेल पाए इसलिए यह लगातार सिकुड़ती आर्थिक खाई में फंसता जा रहा है। वर्ष 2026 में स्थिर आय, बढ़ती कीमतें और ईंधन का बोझ इसे और अधिक नीरव पीड़ा में धकेल रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला मध्य वर्ग आज उसी व्यवस्था के सबसे तीखे दबाव में है विडंबना यह कि जिस मशीन को वह चलाता है, उसका सबसे भारी बोझ भी वही उठाता है। उपभोग, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता हैय शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है।

कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है। पेट्रोल.डीजल महंगा होता है तो असर सिर्फ गाड़ी तक नहीं रहता परिवहन से लेकर रसोई, बाजार और हर जरूरी सेवा की कीमतें ऊपर चढ़ जाती हैं। सब्जी, दूध, दाल और रोजमर्रा का सामान लगातार बजट को अस्थिर करता रहता है, जबकि आय उसी रफ्तार से नहीं बढ़ती। चिकित्सा खर्च तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा की लागत भी हर साल नई ऊंचाई छू रही है। न मुफ्त इलाज का सहारा है, न पूरी तरह सस्ती शिक्षा का विकल्प हर सेवा का पूरा मूल्य चुकाकर ही यह वर्ग अपनी जरूरतें पूरी करता है।

करों की अदृश्य परतें जब आम जीवन पर चढ़ती हैं, तो सबसे पहले मध्य वर्ग की सांसें भारी हो जाती हैं। आयकर का सबसे बड़ा हिस्सा देने के बावजूद यह वर्ग लाभों की कतार में अक्सर पीछे रह जाता है। एक ओर गरीब वर्ग को योजनाओं और सब्सिडी का सहारा मिलता है, दूसरी ओर संपन्न वर्ग कर-योजनाओं से राहत निकाल लेता है पर इनके बीच खड़ा मध्य वर्ग न पर्याप्त सहायता पा पाता है, न कर बचाने की सुविधा। बिजली, पानी, किराया और हर उपभोग वस्तु पर सीधे-परोक्ष करों का दबाव उसकी जेब को लगातार हल्का करता रहता है। नतीजतन, आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक खरीद क्षमता धीरे-धीरे घटती जाती है।

सपनों की बुनियाद माने जाने वाले आवास और शिक्षा आज मध्य वर्ग के लिए सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती बन चुके हैं। महानगरों में किराया इतना बढ़ गया है कि आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ छत बचाने में ही निकल जाता है, जबकि घर खरी.दने का सपना लंबी ईएमआई और भारी ब्याज के बोझ में उलझकर रह जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी अब सस्ती नहीं रही स्कूल फीस, परिवहन, कोचिंग और गतिविधियों के खर्च मिलकर परिवार के बजट को लगातार दबाते रहते हैं। इसी तरह स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते बीमा प्रीमियम और सीमित कवरेज हर अचानक बीमारी को आर्थिक अस्थिरता का कारण बना देते हैं, जिससे वर्षों की योजना पल भर में बिखर सकती है।

आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें लगातार आगे खिसकती जाती हैं। भविष्य के लिए बचत और निवेश की योजनाएं आज के खर्चों के सामने कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे सुरक्षा की भावना धीरे-धीरे धुंधली होती जाती है। युवा पीढ़ी इस असंतुलन को देखकर भरोसे की जगह उलझन महसूस कर रही है शिक्षा, नौकरी और स्थिरता के पुराने भरोसे अब पहले जैसे मजबूत नहीं रहे। यह स्थिति केवल आय-व्यय का अंतर नहीं, बल्कि उम्मीदों और हकीकत के बीच गहराती खामोश दूरी का संकेत है।

यह स्थिति केवल घरों की सीमाओं में कैद नहीं रहती, बल्कि पूरे देश की आर्थिक धड़कन को प्रभावित करती है। जैसे ही मध्य वर्ग की क्रय शक्ति घटती है, बाजार की रफ्तार धीमी पड़ने लगती है, उपभोग कम होता है और विकास की गति पर सीधा असर दिखता है। इसलिए इसकी समस्याओं को व्यक्तिगत बोझ मानकर नजर.अंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत है वास्तविक कर सुधार, महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण, स्वास्थ्य.शिक्षा में लक्षित राहत, ईंधन करों में संत.ुलन और किफायती आवास नीतियों की। अगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले इस वर्ग को स्थिरता नहीं मिली, तो विकास की पूरी संरचना धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है।

राष्ट्र निर्माण की धुरी अब एक नए दृष्टिकोण की मांग कर रही है, जहां मध्य वर्ग को केवल करदाता नहीं बल्कि वास्तविक भागीदार माना जाए। वर्षों से यह वर्ग विकास की कीमत चुकाता आया है, लेकिन अब उसके धैर्य और क्षमता दोनों की सीमाएं स्पष्ट होने लगी हैं। जो वर्ग अर्थव्यवस्था को गति देता है, वही यदि असुरक्षा, कर्ज और अनिश्चितता के दबाव में आ जाए, तो यह स्थिति पूरे देश के लिए चेतावनी बन जाती है। जैसे शरीर की ताकत रीढ़ पर टिकी होती है, वैसे ही किसी राष्ट्र की स्थिरता मध्य वर्ग पर निर्भर करती है और यदि यही रीढ़ कमजोर पड़ जाए, तो विकास की चमक भी लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती।

# बंगाल में अब भाजपा के राज में हिंसा जारी

> **सवाल यह है क्या इस तरह की हिंसा को जनता का प्रतिरोध या गुस्सा कहकर नजर.अंदाज किया जा सकता है? पश्चिम बंगाल के एक मंत्री कह रहे हैं कि यह भी देखना चाहिए कि टीएमसी के राज में क्या होता था। क्या एक मंत्री की यही जिम्मेदारी है कि वह इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान दें? क्या इस हिंसा के पीछे इसके एक सोची समझी साजिश है? राजनीति में पर्दे के पीछे भी कई तरह के खेल होते हैं। धर्म और संस्कृति के नाम ऊपर से साफ-सुथरे दिखाई देने वाले कई राजनेता अंदर से इतने गंदे होते है कि अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।**



रोहित कौशिक

किसी भी दौर की राजनीति में हिंसा राजनीति का मूल तत्व नहीं हो सकती है। हम इसलिए हिंसा का समर्थन नहीं कर सकते कि तुम्हारी पार्टी के राज में हिंसा होती थी, इसलिए हमारी पार्टी के राज में हिंसा होगी। विडम्बना यह है कि इस दौर में यदि किसी एक पार्टी के राज में हिंसा या फिर किसी अन्य गलत काम का विरोध किया जाता है तो उस पार्टी के कार्यकर्ता अक्सर यह कहते हैं कि इससे पहले के राज में कौन सा रामराज्य था? पहले राज में भी तो यही हाल था। अगर पहले राज में यही हाल था तो ही जनता ने बदलाव किया लेकिन अगर इस राज में भी ऐसा ही होगा तो फिर बदलाव कहां हुआ? इस दौर की राजनीति में हिंसा का तत्व बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है यह है कि राजनीति में जानबूझकर नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। कभी हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर नफरत परोसी जाती है तो कभी क्षेत्र के नाम पर नफरत परोसी जाती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन सरकार बदलने के बाद भी वहां हिंसा जारी है। भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के बाद वहां जिस तरह से टीएमसी के कार्यालय और टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, वह यह दिखाता कि सत्ता बदलने के बाद भी इस दौर की राजनीति की मूल प्रवृत्ति बदल नहीं रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के खिलाफ जनाक्रोश की घटनाएं लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिलीं। शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट और पथराव की घटना के बाद रविवार को तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के साथ दुर्व्यवहार और पथराव किया गया।

पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए हमले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए एक पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर गए थे। भीड़ ने उन पर अंडे और जूते फेंके जबकि सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने का प्रयास करते रहे। भीड़ के विरोध और हिंसा को देखते हुए अभिषेक बनर्जी को हेलमेट पहनाया गया। उन पर पत्थर भी फेंके गए। अंडे लिए हुए महिलाओं ने कहा कि वे तब तक नहीं जाएंगी जब तक कि हिसाब बराबर नहीं कर लिया जाता। भीड़ ने कई मुद्दों पर अपनी नाराजगी जाहिर की। सोनारपुर मे यह गतिरोध एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। पुलिस और केन्द्रीय बलों के मौके पर पहुंचने पर उन्हें घर से बाहर निकाला गया। अगर सुरक्षा बलों की मौजूदगी में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो इससे शर्मनाक और कुछ नहीं हो सकता। सवाल यह है कि सुरक्षा बलों ने पथराव करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? सुरक्षा बलों ने ऐसे लोगों पर डंडे क्यों नहीं बरसाए? इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा कि शासक हत्यारे बन गए हैं, भाजपा पर शर्म आती है। इस हमले की निंदा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और केन्द्र सरकार को सभी विपक्षी नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद के कारण किसी भी प्रकार की हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने सटीक सवाल उठाए। क्या विरोधी विचारधारा वाले इंसान के साथ हिंसा को इस आधार पर जायज ठहराया जा सकता है कि कोई कि वह दूसरी विचारधारा से संबंध रखता है? असमहमति तो लोकतंत्र का मूलभूत तत्व है। असहमति के आधार पर हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना को भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति का घृणित प्रदर्शन बताया। अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में कल्याण बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीतला थाने में ज्ञापन सौंपने जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने पहले काले झंडे दिखाकर विरोध किया और उसके बाद पत्थर फेंके गए। पत्थर लगने से कल्याण बनर्जी घायल हो गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भयंकर गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुचारू ढंग से कैसे हो





विनीत नारायण

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से बिजली की खपत कम करने की अपील की है। हालांकि उन्होंने यह भी आश्वा.सन दिया है कि बिजली की आपूर्ति में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। उनका यह आश्वासन सराहनीय है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। इसी हफ्ते टीवी पर एक शो में बहस के दौरान पत्रकारों ने बताया कि नोएडा में बिजली का भारी संकट चल रहा है।

बहुमंजलीय इमारतों में रहने वाले लोग भी बेहाल हैं, क्योंकि उन्हें पॉवर बैक-अप नहीं मिल रहा। उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों में बिजली कमी को लेकर जगह-जगह जन-आंदोलन चल रहे हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश में बिजली के 'स्मार्ट मीटर' का बड़ा घोटाला भी सामने आया है। इन मीटरों को लगवाने का निर्णय योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री कांत शर्मा के नेतृत्व में लिया गया था। इन मीटरों को लेकर जनता की शुरू से ही यह शिकायत रही है कि उनके बिल खपत से कई गुना ज्यादा आ रहे हैं। अब जब पानी सर के ऊपर से गुजर गया तो उत्तर प्रदेश की त्रस्त जनता ने 'स्मार्ट मीटर' उखाड़ कर फेंकने शुरू कर दिए और आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई। योगी सरकार ने अब इन मीटरों को ना लगाने का फैसला किया है। वैसे तो हर साल गर्मियों में खास कर कर उत्तर भारत में बिजली का संकट बहुत बढ़ जाता है। क्योंकि बांधों में जल का स्तर तेजी से घटता है और नदियां भी सूखने लगती हैं। कारण पहाड़ों पर चल रहे सड़कों के विस्तार ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की है। जिससे वर्षा की मात्रा तेजी से गिर गई है। पहाड़ ही क्यों मैदानों में भी जंगलों की अविवेकपूर्ण कटाई ने देश का हरित क्षेत्र खतरनाक स्तर तक कम कर दिया है। जब ज्यादा हरियाली होती है तो वातावरण में नमी पैदा होती है और उससे वर्षा होती है। उधर अमरीका-इसराइल-इराक युद्ध हो या रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इन युद्धों में जो गोला बारूद रात-दिन आग उगल रहा है, उससे भी 'ग्लोबल वार्मिंग' बढ़ रही है। इसका प्रमाण है, उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर तेजी से घटते हिमखंड। कुछ वर्ष पहले तक यूरोप के लोग गर्मी का नाम ही नहीं जानते थे। वहां के घरों में पंखे या एसी नाम का उपकरण नहीं लगाया जाता था। आज यूरोप के इन देशों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। पर किसी भी देश की सरकार पर्यावरण के इस मुद्दे पर गंभीरता से कोई ठोस काम नहीं कर रही। अगर बिजली की खपत पर लौट कर आएं तो योगी जी की ए चिंता निर्मूल नहीं है। एक जमाने में खष्स के पर्दे से ही भवन ठण्डे किए जाते थे। फिर कूलर का दौर आया और आज तो घर-घर ए सी लग गए हैं। पर एसी की जितनी खपत आम नागरिक करते हैं उससे कई गुना ज्यादा सरकारी और व्यवसायिक प्रतिष्ठान करते हैं। योगी जी अगर अपने मंत्रालयों के भवनों का औचक निरीक्षण करें तो पाएंगे कि जब अफसर और बाबू कमरों में नहीं होते तब भी वहां कई-कई ए सी फालतू चलते रहते हैं। यही हाल अन्य प्रांतों के सरकारी दफ्तरों का भी होता है। इसलिए बिजली की खपत कम करने की पहल जितनी नागरिकों की तरफ से जरूरी है, उतनी ही शासक वर्ग से भी है। हाइड्रो पॉवर या थर्मल पॉवर की बिजली बनाने की अनेकों सीमाएं हैं। इनसे उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं होता। बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का सबसे बढ़िया उपाय है, सोलर एनर्जी। भारत जैसे विशाल भूभाग वाले क्षेत्र में भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगा कर प्रदूषण मुक्त बिजली पैदा की जा सकती है। चीन इस दिशा में बहुत आगे बढ़ गया है। वो अपनी आवश्यकता से कहीं ज्यादा बिजली सोलर पैनलों से पैदा कर रहा है। कोचीन का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह सोलर एनर्जी पर निर्भर है। इसलिए शेष प्रांतों में भी इस दिशा में तीव्रता से काम करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि मई 2026 में उत्तर प्रदेश ने 31,824 MW का रिकॉर्ड पीक डिमांड पूरा करने का दावा किया है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बताते हुए कहा कि शहरों में 24 घंटे और गांवों में 18-22 घंटे बिजली दी जा रही है। केंद्र सरकार भी पूरे देश में 270 GW से अधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा करने का दावा कर रही है। 2012 के बड़े ब्लैकआउट की तुलना में यह प्रगति प्रभावित करती है, लेकिन इन आंकड़ों की चमक जमीनी हकीकत को छुपा नहीं पा रही। वास्तविकता यह है कि यूपी में ललितपुर व घाटमपुर जैसे थर्मल प्लांटों के बंद पड़े रहने से बिजली का संकट गहराया है। कोयला आपूर्ति की कमी और ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के पुरानेपन ने स्थिति और बिगाड़ दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 6-12 घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें आम हैं। लखनऊ, गोंडा, वाराणसी जैसे शहरों में भी रात के समय बिजली की कटौती हो रही है। यहां तक कि भाजपा के विधायक भी इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। सरकार का दावा है कि मांग बढ़ने के कारण समस्या है, न कि उत्पादन की कमी। लेकिन सवाल उठता है कि जब हर साल गर्मी आती है और मांग बढ़ती है, तो तैयारी क्यों नहीं होती? पिछले वर्षों में क्षमता में वृद्धि हुई है, लेकिन वितरण व्यवस्था में सुधार अपर्याप्त रहा। ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर, पुरानी लाइनें और शाम के समय सोलर जनरेशन घटने के बाद की कमी को प्रबंधित करने की ठोस योजना नजर नहीं आती। ऊर्जा एक्सचेंज से भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। क्योंकि पूरे उत्तर भारत में बिजली की मांग समान रूप से बढ़ी हुई है। यह संकट केवल गर्मी का नहीं, बल्कि नीतिगत विफलता का भी है। नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार के बावजूद, बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट ग्रिड पर पर्याप्त निवेश नहीं हुआ। किसान, छोटे उद्योग और आम घरेलू उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी में बिजली न होने से स्वास्थ्य, पानी की आपूर्ति और आजीविका सब प्रभावित हो रही है। सरकार को अब संख्याओं से आगे बढ़कर समाधान पर ध्यान देना चाहिए। थर्मल प्लांटों का तुरंत रखरखाव, नई ट्रांसमिशन लाइनों का तेजी से निर्माण, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का आधुनिकीकरण और मांग प्रबंधन की बेहतर रणनीति जरूरी है। विद्युत क्षेत्र में प्रगति निश्चित रूप से हुई है, लेकिन संकट के समय यह प्रगति जनता तक नहीं पहुंच रही। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी भारी है। सरकार को अब दावों से हटकर वास्तविक सुधार पर ध्यान देना होगा अन्यथा गर्मी के साथ-साथ जनाक्रोश भी बढ़ता रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। राज्यव्यापी महिला मुफ्त बस यात्रा योजना लागू होने के बाद यात्रियों का टिकट देखती महिला कंडक्टर।

## जापान ने की ईरान से होर्मुज स्ट्रेट जल्द खोलने की मांग

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए सकारात्मक रुख अपनाने की अपील की। ताकाइची ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौते का अच्छा मौका है और उसे इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोलने की भी मांग की। जापान का कहना है कि इस रास्ते से एशिया और दुनिया के कई देशों के जहाज गुजरते हैं, इसलिए वहां आवाजाही सुरक्षित और सामान्य होनी चाहिए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया

## दोनों देशों में समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग सहयोग पर नई पहलों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती से आगे बढाते हुए समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, परस्पर सैन्य संचालन क्षमता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की। सिंह ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और इसे और आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पिछले



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत व ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की

वर्ष अक्टूबर पहले संवाद के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रूपरेखा को अंतिम रूप देने के प्रयासों का समर्थन किया और समुद्री गश्ती विमानों के बीच अधिक सहयोग के माध्यम से समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच गहरे सहयोग का भी समर्थन किया। उन्होंने स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण के अनुरूप नौवहन और हवाई मार्ग की स्वतंत्रता, निर्बाध व्यापार तथा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन के प्रति अपना समर्थन दोहराया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के समुद्री सुरक्षा पर कार्य समूह के सह-अध्यक्ष के तौर पर, हिंद महा. सागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इस महीने चेन्नई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र में संयुक्त रूप से एक 'खोज और बचाव' तथा 'टेबलटॉप अभ्यास' आयोजित करने के लिए तैयार हैं।

दोनों पक्षों ने 2020 के 'पारस्परिक लॉजिस्टिक्स सहायता समझौते' के आधार पर अभ्यासों और अभियानों के लिए प्रक्रियात्मक अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का पता लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने परिचालन संबंधी समझ और तालमेल बनाने के लिए एक-दूसरे के क्षेत्रों से विमानों की तैनाती जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की। मंत्रियों ने घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा औद्योगिक सहयोग बढाने के अगले कदम के रूप में 'रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाओं के प्रावधान' से संबंधित एक समझौता ज्ञापन को भी अंतिम रूप देने पर काम करेंगे। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग और संपर्क के रणनी. तिक महत्व को रेखांकित किया, और इसे द्विपक्षीय रक्षा उद्योग संबंधों में हो रही वृद्धि का एक प्रतिबिंब माना।

# अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

## ईरान ने जवाबी हमले में सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में इस्तेमाल एयरबेस को निशाना बनाया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के उद्देश्य से किए गए प्रस्तावित समझौते में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से कुछ बदलाव सुझाकर उसे वापस भेजने के बावजूद ईरान और अमेरिका के बीच हमलों और जवाबी हमलों का सिलसिला जारी है।

अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुए इस ताजा सैन्य टकराव के बीच, परदे के पीछे राजनयिक प्रयास भी जारी हैं ताकि एक व्यापक समझौता किया जा सके और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत की रूपरेखा तैयार की जा सके। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने 'ईरान की आक्रामक कार्रवाइयों' के जवाब में शनिवार और रविवार को ईरानी सैन्य ठिकानों के खिलाफ 'आत्मरक्षा में हमले' किए। इस कार्रवाई के तहत दक्षिणी ईरान में रडार प्रणालियों और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल केंद्रों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराए जाने के कथित दावे के



■ अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया

बाद की गई। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए थे। अमेरिकी सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के दौरान किसी भी अमे. रिकी कर्मी को चोट नहीं आई है। ईरान की ओर से भी इस पर जवाबी कार्रवाई की गई। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने दक्षिणी ईरान पर हुए हमले के जवाब में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक हवाई ठिकाने (एयर बेस) को निशाना बनाया, हालांकि उन्होंने उस स्थान का नाम नहीं बताया।

ईरान ने यह भी दावा किया कि उसने एक ऐसे अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया है जिसका इस्तेमाल खाड़ी में स्थित सिर्री द्वीप पर एक दूरसंचार केंद्र पर हमले करने के लिए किया गया था। आईआरजीसी ने इस बेस के स्थान की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन चेता. वनी दी कि अमेरिका की तरफ से किसी भी अगली सैन्य कार्रवाई का इससे कहीं अधिक कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह घोषणा कुवैत द्वारा दिए गए उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें अमेरिकी बेस की मेजबानी करने वाले कुवैत ने कहा था कि उसकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को हवा में ही रोक दिया है। हालांकि, कुवैती अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ए मिसाइलें और ड्रोन कहां से दागे गए थे। यद्यपि अप्रैल की शुरुआत में संघर्षविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच कई बार गोलीबारी हुई है, लेकिन हालिया घटनाओं ने इन चिंताओं को बढ़ा दिया है कि यदि राजनयिक प्रयास धीमे पड़े तो यह युद्धविराम टूट सकता है। अस्थायी संघर्षविराम को एक अधिक स्थायी समझौते में बदलने के उद्देश्य से चल रही बातचीत ने हाल के हफ्तों में गति पकड़ी है। ट्रम्प ने बार-बार भरोसा जताया है कि समझौता जल्द ही हो सकता है। सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने आलोचकों से 'आराम से बैठने' का आग्रह करते हुए कहा कि ईरान 'वास्तव में समझौता करना चाहता है' और इसका परिणाम अंततः अमेरिका के पक्ष में होगा। खबरों के मुताबिक, समझौते के नवीनतम मसौदे में 60 दिनों के लिए युद्धविराम को बढ़ाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के उपाय और ईरान की परमाणु गतिविधियों पर बातचीत को दोबारा शुरू करने का एक ढांचा शामिल है। हालांकि, अभी तक किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं की गई है।

## ईरान ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के इस्तीफे की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रविवार को मीडिया की उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि मसूद पेजेशकियान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय में संचार मामलों के उप-प्रमुख सैयद मेहदी तबातबाई ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान लोगों की सेवा करने से पीछे नहीं हटेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईरानी राष्ट्र एकजुटता और प्रतिरोध के मार्ग से पीछे नहीं हटेगा। यह टिप्पणी तब आई जब लंदन स्थित मीडिया संस्थान 'ईरान इंटरनेशनल' ने दिन में पहले यह रिपोर्ट दी थी कि पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि उस पत्र में 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स' की आलोचना की गई थी।

## ईरान परमाणु समझौता चाहता है आलोचक शांत व निश्चित रहें: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है और उम्मीद है कि किसी भी संभावित समझौते से अमे. रिका तथा उसके सहयोगी दोनों को लाभ होगा। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि जारी बातचीत पर सार्वजनिक टिप्पणियां राजनयिक प्रयासों को और ज्यादा कठिन बना रही है। उन्होंने कहा कि ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है और यह समझौता अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन पर बातचीत को कमजोर करने का आरा. ेप लगाया क्योंकि वे बार-बार अलग-अलग दृष्टिकोणों की वकालत कर रहे हैं, जिनमें बातचीत को तेज करना और सैन्य कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि बस आराम से बैठिए क्योंकि अंत में सब कुछ ठीक हो जाएगा-हमेशा ऐसा ही होता है। ट्रम्प की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी राजनयिक प्रयासों एवं बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आई हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते में और संशोधन करने की मांग की है जिसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बात. चीत के लिए परिस्थितियां बनाना है।

## समझौते को कानूनी सुरक्षा देने का प्रावधान भी प्रस्तावित समझौते में शामिल: बघाई

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका ने मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए संभावित समझौते में एक ऐसा प्रावधान शामिल किया है, ताकि इस समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के माध्यम से कानूनी सुरक्षा मिल सके। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम अभी भी सामान्य प्रावधानों पर चर्चा कर रहे हैं।

इन 14 बिंदुओं में एक प्रावधान यह भी है कि यदि कोई समझौता होता है, तो उसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का रूप लेना चाहिए ताकि उसे कानूनी सुरक्षा मिल सके। राजनयिक ने यह भी कहा कि ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा, क्योंकि ईरान अतीत में इसके विपरीत अनुभव कर चुका है। इस बीच, कुवैत द्वारा



■ ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा

मिसाइल और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला की रिपोर्टों के बाद, बघाई ने क्षेत्रीय ठिकानों और संपत्तियों पर जवाबी कार्रवाई करने के ईरान के अधिकार का बचाव किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पड़ोसी देशों के ठिकानों से शुरू की गई अमेरिकी हमले के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ईरान को दोषी ठहराने वाला यूरोपीय संघ (ईयू) का बयान चुनिंदा नैतिक आक्रोश का एक उदाहरण है, यह पाखंडी और लापरवाही भरा है। बघाई ने कहा कि यूरोपीय संघ को कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उन सिद्धांतों के प्रति वफादार रहना चाहिए जिनका वह लंबे समय से समर्थन करने का दावा करता आया है। उसे हमलावरों को खुश करना बंद करना चाहिए और उन लोगों को दोष देना बंद करना चाहिए जो अवैध हमलों का जवाब दे रहे हैं। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि देशों का यह स्थापित कानूनी दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र या संपत्ति का उपयोग दूसरे देशों पर आक्रमण करने के लिए न होने दें।

## मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक

**कुआलाम्पुर।** मलेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटाक और यूटयूब जैसे प्लेटफार्म को उम्र जांचने की व्यवस्था करनी होगी। 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। नियम तोड़ने पर कंपनियों पर 25 लाख डालर यानी करीब 24 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि अगर बच्चे किसी तरह नियम तोड़कर अकाउंट बना लेते हैं, तो उनके माता-पिता पर कार्रवाई नहीं होगी। सरकार का कहना है कि यह कदम बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए उठाया गया है।

# शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में पायलट की मौत

## अमेरिका में हादसा, पत्नी का 6 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू, केरल के रहने वाले थे डेव फिजी

**जार्जिया।** अमेरिका के जार्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गई और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डासनविल के 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी।

समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवा. हत जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। भारतीय मूल के पायलट डेव



फिजी की जेस्नी के साथ 29 मई को शादी हुई। डेव फिजी और जेस्नी के शादी समारोह में 400 से ज्यादा मेहमान शामिल हुए थे। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कहा कि मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जार्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी। दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जार्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया। परिवार के मुताबिक, डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने कड़ी मेहनत से अपना सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट आफिसर बना। डेव को उड़ान और विमानों से बेहद लगाव था। परिवार ने बताया कि वह एक अनुशासित, जिम्मेदार और अपने काम के प्रति समर्पित पायलट था। 25 साल के डेव फिजी डेल्टा एयरलाइंस में फर्स्ट आफिसर थे। हादसे से पहले डेव ने खराब मौसम को लेकर चिंता जताई थी। उनके पिता ने बताया कि शादी खत्म होने तक इलाके में घना को. हरा और बारिश हो रही थी, जिससे साफ देख पाना मुश्किल हो गया था। परिवार के मुताबिक, डेव ने हेलीकॉप्टर पायलट से कहा था कि ऐसी स्थिति में उड़ान नहीं भरनी चाहिए। हालांकि पायलट ने भरोसा दिलाया कि वह ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान भरेगा, जिसके बाद यात्रा जारी रखी गई। उड़ान भरने के कुछ समय बाद हेलीकॉप्टर डासनविल के पास जंगल वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घने पेड़ों और कठिन भूभाग के कारण राहत दलों को दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा खोजने में कई घंटे लग गए। इसी वजह से बचाव अभियान भी देर से शुरू हो सका।

## भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का नेपाली संसद में विरोध

### विपक्ष बोला: पीएम बालेन सबूत दें, या बयान वापस लें

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा।

विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला



■ प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है

है। सांसदों का कहना है कि बिना पर्याप्त सबूत के इस तरह का बयान देश की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर असर डाल सकता है।

## युद्ध के मुकाबले बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता

### फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है: लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि युद्ध की तुलना में बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता है और फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

जोसेफ आउन ने कहा, बात. चीत से समस्या तुरंत हल नहीं होगी, लेकिन यही एक रास्ता है। बातचीत में देरी हो सकती है या कुछ रुकावटें आ सकती हैं, फिर भी यह आगे बढ़ रही है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायली



■ यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में और हमले करने का आदेश दिया है। ईयू के प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल को लेबनान में सैन्य तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई बंद करनी चाहिए। इजरायल को लेबनान की संप्रभुता और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। सऊदी अरब ने कुवैत पर हुए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वह इस हमले को पूरी तरह खारिज करता है। मंत्रालय के अनुसार, यह कुवैत की संप्रभुता का उल्लंघन है और अंतरर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। सऊदी अरब ने कहा कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को कमजोर करती हैं और तनाव को और बढ़ाती हैं।

## कुवैत कीवायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोका

**कुवैत।** कुवैत की वायु सेना ने देश को लक्ष्य बनाकर दागी गई ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक दिया है। यह घटनाक्रम सप्ताहांत में ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है कुवैती सेना के जनरल स्टाफ ने यह जानकारी दी है। जनरल स्टाफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फिलहाल, कुवैती वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक रही हैं। जनरल स्टाफ ने निवा. सियों से सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। यह घोषणा तब की गई जब अमेरिका ने कहा कि उसने आत्मरक्षा और क्षेत्रीय शिपिंग मार्गों की सुरक्षा का हवाला देते हुए गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधाओं पर हमला किया है। गौरतलब है कि कुवैत में अमेरिका का एक बड़ा सैन्य अड्डा स्थित है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक अमेरिकी अड्डे को निशाना बनाया है। आरोप है कि इस अड्डे का इस्तेमाल होर्मोजगान प्रांत में ईरान के सीरिक द्वीप पर हमले करने के लिए किया गया था।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108